


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



यो यो हनी सिंह ने मौनी...8






दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

मंगलवार, 27 दिसंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 07 | पृष्ठ 8 | आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## चीन-पाकिस्तान मिलकर आज नहीं तो कल भारत पर हमला कर सकते हैं: राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि चीन और पाकिस्तान दोनों भारत के खिलाफ एकजुट हैं और देर–सबेर साथ मिलकर देश पर हमला कर सकते हैं। पूर्व सैनिकों के साथ बातचीत के दौरान गांधी ने कहा कि भारत ''बेहद नाजुक'' स्थिति में है और उसे अभी कदम उठाना चाहिए अन्यथा उसे ''भारी झटका'' लगेगा। राहुल ने रविवार को यूट्यूब के अपने चौनल पर इस बातचीत को साझा किया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि गलवान और डोकलाम में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़पें आपस में जुड़ी हुई थीं और पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत पर हमला करने की चीन की रणनीति का हिस्सा थीं, ऐसा देश जिसके साथ अब उसके आर्थिक संबंध भी हैं। राहुल ने पांच मिनट के वीडियो में कहा, ''चीन और पाकिस्तान एक हो गए हैं और यदि युद्ध छिड़ा तो एक से नहीं, दोनों से होगा। देश को बहुत बड़ा झटका लगेगा। भारत अब बेहद नाजुक स्थिति में है।'' उन्होंने कहा, ''हमारे देश में अशांति है, लड़ाई है, भ्रम है, घृणा है। हमारी



मानसिकता अभी भी ढाई मोर्चों पर युद्ध की है। हमारी मानसिकता न तो संयुक्त अभियानगत संचालन की है और न ही साइबर युद्ध की।'' कांग्रेस नेता ने कहा, ''भारत अब बेहद नाजुक स्थिति में है। चीन और पाकिस्तान दोनों हमें 'चकित' करने की तैयारी कर रहे हैं। इसलिए मैं दोहराता रहता हूं कि सरकार चुप नहीं बैठ सकती।'' उन्होंने कहा कि सरकार को देश को बताना चाहिए कि सीमा पर क्या हुआ है। राहुल ने कहा, ''हमें जो भी कदम उठाना है, हमें अभी से शुरू करना होगा। दरअसल, हमें पांच साल पहले कार्रवाई करनी चाहिए थी, जो हमने नहीं की। अगर हम जल्द कार्रवाई नहीं करेंगे तो देश को नुकसान होगा।

## राहुल गांधी के बयान पर अनुराग ठाकुर का जवाब
## कांग्रेस की चिंता करें, देश की चिंता पीएम मोदी पर छोड़ दें

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी फिलहाल भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने भारत से एकजुट रहने की अपील की और कहा कि चीन और पाकिस्तान देर सबेर साथ मिलकर देश पर हमला कर सकते हैं। इसी को लेकर आप भाजपा की ओर से राहुल गांधी पर पलटवार किया गया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी को अपनी पार्टी की चिंता करनी चाहिए। देश की चिंता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर छोड़ दें। अपने बयान में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी की चिंता करें, देश की चिंता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर छोड़ दें। उन्होंने कहा कि जिसने अतिक्रमण करने वालों को भी




देश में पहले आतंक फैलाने का प्रयास किया उसको भारत की सेना ने च्ड के मजबूत नेतृत्व में सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट स्ट्राइक करके जवाब दिया। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि हमारी सेना ने डोकलाम में मुंहतोड़ जवाब दिया। राहुल गांधी जैसे लोग सेना पर सवाल उठाते हैं और उनका अपमान करते हैं। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि डोकलाम हुआ तो राहुल गांधी चीनी अधिकारियों के साथ क्या कर रहे थे? इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वे चीन की भाषा बोलते हैं और यह कांग्रेस की विचारधारा पर सवाल खड़ा करता है। आपको बता दें कि राहुल गांधी ने यह बयान पूर्व सैनिकों के साथ बातचीत के दौरान दी। उन्होंने कहा कि भारत ''बेहद नाजुक'' स्थिति में है और उसे अभी कदम उठाना चाहिए अन्यथा उसे ''भारी झटका'' लगेगा। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि गलवान और डोकलाम में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़पें आपस में जुड़ी हुई थीं और पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत पर हमला करने की चीन की रणनीति का हिस्सा थीं, ऐसा देश जिसके साथ अब उसके आर्थिक संबंध भी हैं। राहुल ने कहा कि चीन और पाकिस्तान एक हो गए हैं और यदि युद्ध छिड़ा तो एक से नहीं, दोनों से होगा। देश को बहुत बड़ा झटका लगेगा। भारत अब बेहद नाजुक स्थिति में है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे देश में अशांति है, लड़ाई है, भ्रम है, घृणा है। हमारी मानसिकता अभी भी ढाई मोर्चों पर युद्ध की है। हमारी मानसिकता न तो संयुक्त अभियानगत संचालन की है और न ही साइबर युद्ध की। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत अब बेहद नाजुक स्थिति में है। चीन और पाकिस्तान दोनों हमें 'चकित' करने की तैयारी कर रहे हैं। इसलिए मैं दोहराता रहता हूं कि सरकार चुप नहीं बैठ सकती।

## प्रलय बैलिस्टिक मिसाइलः चीन और पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात होगा भारत का खतरनाक हथियार

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों के लिए 120 प्रलय सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल खरीदने की एक परियोजना को मंजूरी दे दी है। प्रलय सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल को पाकिस्तान और चीन सीमा पर तैनात किया जाएगा। भारत के इतिहास में यह पहली बार है कि सामरिक संचालन में उपयोग के लिए सरकार द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों को मंजूरी दी गई है। चीन और पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात होगा भारत का खतरनाक हथियारः हाल ही में, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा था कि दिवंगत जनरल बिपिन रावत सीमा पर दुश्मनों का मुकाबला करने के लिए एक रॉकेट बल के निर्माण पर काम कर रहे थे। पिछले दिसंबर में लगातार दो दिनों में इस मिसाइल का दो बार सफल परीक्षण किया गया था और तब



से बल इसके अधिग्रहण और शामिल करने की दिशा में काम कर रहे हैं। प्रलय, जिसकी रेंज 150 से 500 किलोमीटर है, एक ठोस प्रणोदक रॉकेट मोटर और अन्य नई तकनीकों द्वारा संचालित है। मिसाइल मार्गदर्शन प्रणाली में अत्याधुनिक नेविगेशन और एकीकृत वैमानिकी शामिल है। सूत्रों ने कहा, ष्प्रलय एक अर्ध–बैलिस्टिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है। उन्नत मिसाइल को इंटरसेप्टर मिसाइलों को हराने में सक्षम होने के लिए विकसित किया गया है। इसमें हवा में एक निश्चित दूरी तय करने के बाद अपना रास्ता बदलने की क्षमता है।ष सूत्रों ने आगे कहा कि इस तरह की मिसाइलें अपने सैनिकों को दुश्मन के हवाई रक्षा स्थलों या इसी तरह के उच्च मूल्य वाले लक्ष्यों को पूरी तरह से नष्ट करने या बाहर निकालने की जबरदस्त क्षमता देती हैं।

### चीन–पाक बॉर्डर पर तैनात होंगी India की प्रलय मिसाइलें

शीर्ष सरकारी सूत्रों ने बताया, ष्रॉकेट बल बनाने की परियोजना को बढ़ावा मिला है क्योंकि लगभग 120 प्रलय बैलिस्टिक मिसाइल खरीदने के प्रस्ताव को उच्च स्तरीय रक्षा मंत्रालय की बैठक से मंजूरी मिल गई है।ष उन्होंने कहा कि मिसाइलों का अब बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जा रहा है और निकट भविष्य में परिचालन सेवा के लिए तैयार होने की उम्मीद है। यह परियोजना सामरिक रॉकेट बल विकसित करने के सशस्त्र बलों के प्रयासों को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगी, जैसा कि दिवंगत चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत ने वकालत की थी।

## मध्यप्रदेश में कांग्रेस सरकार बनी तो वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाकर 1,000 रूपये महीना करेंगे : कमलनाथ

भोपाल। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सोमवार को ऐलान किया कि अगले साल नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद यदि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनती है तो हम वृद्धावस्था पेंशन को 600 रूपये प्रतिमाह से



बढ़ाकर 1,000 रूपये महीना करेंगे। अपनी पार्टी की तरफ मतदाताओं को लुभाने के लिए पिछले एक सप्ताह में इस तरह का यह उनका तीसरा ऐलान है। इससे पहले उन्होंने ऐलान किया था कि अगले साल प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी को जीत मिलने पर वह राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना की जगह पुरानी पेंशन योजना बहाल करेंगे और प्रदेश के किसानों के लिए कर्ज माफी योजना भी दोबार चालू करेंगे। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने 18 दिसंबर 2018 से 23 मार्च 2020 तक के अपने शासनकाल की ओर इशारा करते हुए ट्वीट किया, ''हमने वृद्धावस्था पेंशन को 300 रूपये से बढ़ाकर 600 रुपये किया और हम इसे 1,000 रूपये करने जा रहे थे। सौदेबाजी से हमारी सरकार गिरा दी गई और बुजुर्गों का 1,000 रूपये महीने पेंशन का हक मारा गया।'' उन्होंने आगे लिखा, ''मध्यप्रदेश में (नवंबर 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद) कांग्रेस सरकार बनते ही हम वृद्धावस्था पेंशन को बढ़ाकर 1,000 रूपये महीना करेंगे।'' वर्ष 2018 में प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने किसानों का दो लाख रूपये तक का कर्ज 10 दिन में माफ करने का ऐलान किया था, जिसके दम पर 15 साल बाद भाजपा को हरा कर उनकी सरकार प्रदेश में बनी थी। लेकिन 15 महीने बाद मार्च 2020 में 22 विधायकों के इस्तीफे के बाद कांग्रेस नीत कमलनाथ की सरकार गिर गई थी और 23 मार्च 2020 से शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी।

## पाकिस्तान के नंबर से आया कॉल, Assistant का अकाउंट हो गया खाली

नई दिल्ली। इन दिनों ऑनलाइन फ्रॉड करने के लिए फोन सिर्फ देश ही नहीं बल्कि पड़ोसी मुल्क से भी आने लगे है। ऐसा ही मामला मेरठ निवाली अंकित सिंह के साथ हुआ है। पशुपालन विभाग हापुड़ में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत अंकित सिंह के साथ आरोपियों ने हजारों रुपये की ठगी कर ली है। इस मामले में पीड़ित अंकित सिंह ने ऑनलाइन ऐप से लोन लिया था। इसके बाद उसने तय समय के अंदर लोन के पैसों को वापस कर दिया। इसके बाद पीड़ित अंकित के पास पाकिस्तान के नंबरों से फोनकॉल आया। इन फोन पर धमकी दी गई कि उसका अश्लील फोटो वायरल किया जाएघा। इसके साथ ही उससे पैसों की मांग की गई और ठगी को अंजाम दिया गया। ब्लैकमेल कर रहे आरोपीः उन्होंने पुलिस को बताया कि पाकिस्तान के नंबरों से आ रहे फोन कॉल से उन्हें धमकी दी जा रही है। उनके फोटोज को वायरल करने की धमकी दी जा रही है। ठगों ने पीड़ित को धमकी दी है कि अंकित के फोटो को एडिट कर उसे अश्लील बनाकर वायरल करने की धमकी दी गई है। वहीं पुलिस में तहरीर मिलने के बाद मामला साइबर सेल में चला गया है। साइबर सेल भी मामले की जांच में जुट गई है।




### पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत

इस मामले में पीड़ित ने आरोपी की शिकायत पुलिस से की है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि मेरठ के अंकित सिंह ने ठगी के संबंध में शनिवार 24 दिसंबर को थाने में तहरीर दी है। तहरीर में जानकारी दी गई कि अंकित किसी काम से बाहर गए थे, जिसके बाद उन्होंने एक ऐप से लोन के लिए आवेदन किया। इसके बाद उन्हें तीन कंपनियों से लोन लेने का मैसेज आया। अंकित ने मात्र नौ हजार रुपये का लोन लिया, जिसे उन्होंने महज एक सप्ताह में चुका दिया। लोन का पूरा पैसा चुकाने के बाद भी लोन देने वाली कंपनियों के फोन लगातार अंकित के पास आ रहे है। ये कॉल पाकिस्तानी नंबरों से आ रहे है जो उन्हें ब्लैकमेल करने में जुटे हुए है।

## कोविडः दिल्ली में अधिकारियों ने अस्पतालों में व्यवस्थाओं का जायजा लेना शुरू किया

नयी दिल्ली। कुछ देशों में कोविड–19 के मामले बढ़ने के बीच किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने की तैयारियों का जायजा लेने के लिए दिल्ली में अधिकारियों ने सोमवार को सभी सरकारी अस्पतालों का दौरा शुरू कर दिया है। पूर्वी दिल्ली के जिलाधिकारी अनिल बांका ने कहा, ''हमने सभी सरकारी अस्पतालों में प्रत्यक्ष रूप से जाना शुरू कर दिया है। बिस्तरों, तरल चिकित्सकीय ऑक्सीजन, वेंटिलेटर और अन्य उपकरणों की सूची बनाई जा रही है। सोमवार शाम तक यह पूरी हो जाएगी।'' केंद्र के निर्देश के बाद मंगलवार को राजधानी के सभी सरकारी अस्पतालों में मॉक ड्रिल की जाएगी। दिल्ली के स्वास्थ्य सचिव अमित सिंगला ने रविवार को सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें निर्देश दिया कि सभी अस्पतालों में जाकर बिस्तरों तथा उपलब्ध उपकरणों की स्थिति की समीक्षा करें। दिल्ली सरकार के एक पोर्टल पर मंगलवार से बिस्तरों, ऑक्सीजन सिलेंडरों तथा वेंटिलेटरों की उपलब्धता से संबंधित



जानकारी जनता के लिए उपलब्धा रहेगी। एक अधिकारी ने कहा कि जल्द ही जांच बढ़ाई जा सकती हैं। इस समय दिल्ली में रोजाना 2,500 से 3,000 कोविड जांच की जा रही हैं। आवासीय कल्याण संगठनों और गैर–सरकारी संगठनों के साथ बैठक की जा रही हैं और उनसे उभरती स्थिति के बारे में जागरुकता फैलाने में मदद को कहा जा रहा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पिछले सप्ताह कहा था कि कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप का नया उप–स्वरूप बीएफ.7 अभी तक दिल्ली में नहीं मिला है जो कुछ देशों में मामले बढ़ने के लिए जिम्मेदार है।






## दिल्ली में तापमान गिरा, शीतलहर, कोहरे के कारण दृश्यता घटी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में सोमवार को शीतलहर चली और घने कोहरे के कारण शहर के कुछ इलाकों में दृश्यता घटकर 50 मीटर पर पहुंच गई, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ। रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि 10 ट्रेनें डेढ़ घंटे से साढ़े चार घंटे की देरी से चल रही हैं। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान के 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।



दिल्ली में रविवार को एक 'ठंडा दिन' दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार,एक 'ठंडा दिन' तब माना जाता है जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे कम रहे और अधिकतम तापमान सामान्य से कम से कम 4.5 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया जाए। सफदरजंग वेधशाला में रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम 16.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह इस मौसम का अभी तक का सबसे कम तापमान था। रिज क्षेत्र में तापमान सामान्य से 4.9 डिग्री कम, तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे यह राष्ट्रीय राजधानी का सबसे ठंडा इलाका रहा। रिज और आयानगर मौसम केंद्रों में सोमवार को न्यूनतम तापमान क्रमशरू चार डिग्री सेल्सियस और 4.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, हरियाणा, पंजाब, पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान के कुछ हिस्सों में सोमवार को घने से बहुत घना कोहरा छाया रहा। पंजाब के बठिंडा और राजस्थान के बीकानेर में दृश्यता शून्य रही, जबकि अंबाला, हिसार, अमृतसर, पटियाला, गंगानगर, चूरू और बरेली में दृश्यता घटकर 50 मीटर और उससे नीचे पहुंच गई। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, इन क्षेत्रों में अगले कुछ दिनों तक कोहरा छाया रहेगा। आईएमडी के अनुसार, दृश्यता शून्य से 50 मीटर के बीच रहने पर 'बेहद घना कोहरा', 51 मीटर से 200 मीटर के बीच 'घना कोहरा', 201 मीटर से 500 मीटर के बीच 'मध्यम कोहरा' और 501 से 1,000 मीटर के बीच रहने पर 'हल्का कोहरा' माना जाता है। आईएमडी के अनुसार, न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने पर शीत लहर की घोषणा की जाती है। शीतलहर की घोषणा तब भी की जाती है जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे कम हो और सामान्य से 4.5 डिग्री कम हो। न्यूनतम तापमान के दो डिग्री सेल्सियस रहने या सामान्य से 6.4 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने पर ''भीषण'' शीतलहर की घोषणा की जाती है।

# 1938 से हो रहे इस टूर्नामेंट के आयोजन के लिए बधाई के पात्र है राज परिवार: कुलपति






दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। सोमवार को एमएलके महाविद्यालय के हॉकी मैदान पर महाराजा सर बी पी सिंह अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट का रंगारंग शुभारंभ हुआ। वेद मंत्र उच्चारण के साथ शुरू हुए हॉकी टूर्नामेंट का उद्घाटन सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरी बहादुर श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान एनसीसी के कैडेट्स ने मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर देखें उनका स्वागत व सम्मान किया। एमएलके पीजी कॉलेज के हाकी ग्राउंड पर पांच दिनों तक चलने वाले हाकी के इस महाकुंभ में देश की ख्याति प्राप्त 14 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ इस हाकी टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन हुआ। जिसमे बलरामपुर जिले के कई स्कूल के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में जहां बलरामपुर गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी, वही एमडीके कॉलेज की छात्राओं ने सामूहिक नृत्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। पायनियर पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए झांसी की रानी की शौर्य गाथा को चरितार्थ करते हुए क्या करके प्रस्तुत की और लोगों को भावविभोर कर दिया। इसी क्रम में एमएलके पीजी कॉलेज, ऋषभ संगीत विद्यालय व पूर्व माध्यमिक विद्यालय ननकौरा के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। लोगो को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर हरि बहादुर श्रीवास्तव ने कहा कि बलरामपुर में यह टूर्नामेंट 1938 से आयोजित किया जा रहा है। जिसके लिए राज परिवार एवं एमएलके महाविद्यालय बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे खेलों के आयोजन से स्थानीय लोगों में खेल की भावना बढ़ती है और छिपी हुई प्रतिभाओं उभर के सामने आती हैं। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे ने सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन सचिव डॉ राजीव रंजन, डॉक्टर अजरुदीन, डॉ ऋषि रंजन पांडे व डॉ आलोक शुक्ला ने सभी अतिथियों का बैच लगाकर एवम अंग वस्त्र देकर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ देवेंद्र कुमार चौहान ने किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच करनाल हॉकी क्लब और केडी सिंह बाबू सोसायटी लखनऊ के बीच खेला गया। जिसमें लखनऊ की टीम ने हरियाणा की टीम को पांच के मुकाबले 0 गोल से पराजित किया। इस हाकी मैच को देखने के लिए हॉकी ग्राउंड पर भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में टूर्नामेंट अध्यक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल आरके मोहंता, टूर्नामेंट उपाध्यक्ष बीके सिंह, पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह,भाजपा नेता अजय सिंह पिंकू, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ज्ञान सागर पाठक, शिक्षक नेता अरुण यादव, नगर पालिका बलरामपुर परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि शाबान अली, डॉक्टर एमपी तिवारी, डीआईओएस प्रतिनिधि चंदन पांडे सहित नगर के अन्य गणमान्य व्यक्ति वह खेल प्रेमी जनता मौजूद रही।

**■ वेद मंत्रोच्चारण के साथ शुरू हुआ हॉकी का महाकुंभ**
**■ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर छात्राओं ने अतिथि देवो भव का दिया परिचय**

## ओवरलोड गन्ना गाड़ियों पर प्रशासन तत्काल प्रभाव से रोक लगाये: घनश्याम मिश्र

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। एक तरफ योगी सरकार जनता को ज्यादा से



ज्यादा विकास कार्यों के द्वारा उन्हें सुख सुविधाएं देने के लिए दृढ़ संकल्प है पर वही जिले के आलाकमानो और पूंजी पतियों के बीच कुछ ऐसी खिचड़ी पकती है जिसे समझना आसान नहीं है पर उसका सीधा खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ता है विगत कई वर्षों से बलरामपुर की ज्यादातर सड़कें चीनी मिलों के ओवरलोडिंग ट्रकों से टूट जाती है इधर कुछ महीनों में लगभग सभी सड़कें बनकर तैयार हो रही है परंतु चीनी मिलों के ओवरलोड गाड़ियों के कारण न केवल सड़कें टूटती है बलिक आए दिन वही बड़ी दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं जिसको लेकर आए दिन समाजसेवी संगठनों द्वारा प्रशासन से ऐसी गाड़ियों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधा लगाने की मांग की जाती है परंतु चीनी मिल और स्थानीय प्रशासन का ऐसा खेल है की इसमें शायरी अपीले बेकार साबित होती हैं हरैया उतरौला गैसड़ी पचपेड़वा इकौना बहराइच रोड पर ओवरलोड ओवर हाईट गाड़ियों की कतारें कभी भी देखी जा सकती है इसी संदर्भ में बलरामपुर विकास मंच के संयोजक घनश्याम मिश्र द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदया को एक ज्ञापन भेजा जा रहा है इसके बाद भी अगर ऐसी गाड़ियों के चलने पर स्थानीय प्रशासन रोक नहीं लगाता तो बेमियादी अहिंसक आंदोलन चलाया जाएगा यह बातें एक विज्ञप्ति में मिश्र द्वारा दी गयी है।

## 5–0 गोल से केडी सिंह बाबू सोसायटी ने हरियाणा की टीम को हराया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय



**■ दूसरे मैच का फैसला पेनाल्टी शूट आउट से हुआ**
**■ ऑल इंडिया हॉकी से बी ग्रेड प्राप्त है टूर्नामेंट**

प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच सोमवार को खेला गया। उद्घाटन मैच केडी सिंह बाबू सोसाइटी लखनऊ व करनाल हॉकी क्लब हरियाणा के बीच खेला गया। जिसमे खेल के पहले नौ मिनट में ही लखनऊ की टीम ने पहला गोल कर हरियाणा की टीम पर दबाव बना लिया। दबाव बरकरार रखते हुए लखनऊ की टीम ने हरियाणा की टीम को 5–0 से हरा दिया। पहले मैच में मैन ऑफ द मैच लखनऊ के प्रहलाद पांडे रहे। उद्घाटन सत्र में ही दूसरा मैच आइटीबीपी जालंधर व एसबी सिंह हॉकी क्लब लखनऊ के बीच खेला गया। जिसमें दोनों ही टीमों ने अपने हॉकी का जादू दिखाते हुए 2–2 गोल किए। पेनाल्टी शूटआउट से एसबी सिंह हॉकी क्लब लखनऊ की टीम ने आइटीबीपी जालंधर को पराजित किया। दूसरे मैच में मैन ऑफ द मैच गोल कीपर नितिन रहे।

## जिलाधिकारी ने किया तहसील सदर का औचक निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। सोमवार को जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार ने तहसील सदर का औचक निरीक्षण किया। डीएम का तहसील निरीक्षण एक घंटे से अधिक समय तक चला। इस दौरान उन्होंने साफ सफाई की व्यवस्था देखी, तहसील भवन की रंगाई पुताई कराएं जाने, टूटी खिड़कियों में कांच लगाए जाने, प्रकाश की समुचित व्यवस्था किए जाने का निर्देश दिया। मतदाता पंजीकरण कक्ष के निरीक्षण के दौरान नए मतदाताओ का फॉर्म की स्थिति, जेंडर रेशियो की स्थिति की जानकारी प्राप्त की, जेंडर रेशियो 850 से अधिक किए जाने का निर्देश दिया। खतौनी कक्ष के निरीक्षण के दौरान खतौनी दिए जाने पर



प्राप्त होने वाले शुल्क जमा का रजिस्टर देखा। खतौनी कक्ष में खुले पड़े विद्युत तारो को सही कराए जाने का निर्देश दिया। भूलेख एवं अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज खुले में रखे जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा अलमारी में सुरक्षित रखे जाने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्राम सभा आवंटन रजिस्टर, आरसी रजिस्टर, आर–06 रजिस्टर,धारा – 67– क रजिस्टर, परवाना अलमदरामाद का निरीक्षण किया, आर –06 रजिस्टर एवं अलमदरमद रजिस्टर को मेंटेन किए जाने में लापरवाही पर रजिस्टर कानूनगो राजेंद्र गुप्ता को चेतावनी लेटर दिए जाने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा की सभी रजिस्टर का शतप्रतिश ऑनलाइन फीडिंग सुनिश्चित करे। कंप्यूटर कक्ष में नए कंप्यूटर लगवाए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने रिकॉर्ड रूम, नजारत कक्ष, संग्रह अनुभाग का निरीक्षण किया, पारिवारिक लाभ में ज्यादा पेंडेंसी में नाराजगी व्यक्त की। एसडीएम को पत्रों को पारिवारिक लाभ दिए जाने में लापरवाही ना किए जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा की एसडीएम नियमित तहसील के पटल का मुआयना करें तथा जो कामिया है उससे तत्काल दूर करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार, एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर, तहसीलदार अवधेश कुमार व तहसील के सभी नायब तहसीलदार, कानूनगो तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

**■ अभिलेखों को खुले में रखा देख भड़के डीएम**
**■ रजिस्टार कानूनगो को दिया चेतावनी लेटर**

## दीप्ति द्विवेदी बनी राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की संयोजक

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का सदस्यता अभियान जारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला इकाई ने बलरामपुर ब्लाक कार्यकारिणी का कार्य करते हुए 3 नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। इनमें मुख्य रूप से ब्लॉक संयोजक दीप्ति द्विवेदी सह संयोजक हरिकेश शुक्ला एवं राकेश वर्मा को सर्वसम्मति से जिम्मेदारी दी गई है संगठन जिलाध्यक्ष विकास कांत पांडे ने बताया कि संगठन की मजबूती के लिए उसका विस्तार जरूरी है संगठन से दिन प्रतिदिन शिक्षक कर्मचारी तेजी से जुड़ रहे हैं यह संगठन के कार्यों की बदौलत संभव हो सका है उन्होंने बताया कि संगठन का सदस्यता अभियान भी ब्लॉकवार जारी है जिसकी जिम्मेदारी ब्लाक कार्यकारिणी पदाधिकारियों के साथ संयोजक को दी गई है।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने लिया खाद्य पदार्थो का नमूना, दुकानों पर साफ-सफाई के दिए निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। क्रिसमस पर्व पर आम जनमानस को सुरक्षित एवं



विशुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जाने हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में अभियान चलाकर गैंडास बुजुर्ग के शाहिद हसन के प्रतिष्ठान से क्रीम रोल (मानिक स्वीट रोल ब्रांड) एवं अनिल कुमार के प्रतिष्ठान से रस्क (मामाजी ब्रांड) रेहरा बाजार के राधेश्याम से नमकीन (पंजाबी तड़का ब्रांड) हरिओम बेकर्स, उतरौला से केक, गुरुदयालडीह, उतरौला से साधुराम यादव एवं मयाराम यादव से दूध का नमूना संग्रह कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। खाद्य कारोबारकर्ता को अपेक्षित लाइसेंसध्पंजीकरण प्राप्त कर ही खाद्य व्यवसाय करने, प्रतिष्ठान पर साफ सफाई रखने, लाइसेंसध्पंजीकरण को स्पष्ट दृष्टिगत स्थान पर चस्पा करने, खाद्य पदार्थों के क्रय विक्रय बिल एवं कैशमेमो सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए। अभियान दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी लालमणि यादव सत्यवीर सिंह कमला रावत एवं बृजेश कुमार वर्मा शामिल रहे।

# न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन, जहां रहते हैं बड़ी संख्या में हिन्दुस्तानी

दुनिया में बहुत से ऐसे देश हैं जहां जाने के बाद आपको ऐसा बिलकुल भी नहीं लगेगा, आप कहीं विदेश में हैं। भारतीय लोगों की बड़ी आबादी होने के कारण यह देश भारतीय रंग में रंगे हुए हैं। यहां आपको बोलचाल या खान–पान अपने देश जैसा ही मिलेगा। अगर आप इस न्यू ईयर सेलिब्रेशन प्लान कर रहे हैं और सही डेस्टिनेशन नहीं चूज कर पा रहें है तो हम आपको कुछ ऐसे शानदार डेस्टिनेशन बता रहें हैं जो है तो देश से बाहर लेकिन वहां पहुंच कर आपको भारतीय रंग और भारतीय मूल के लोग ही मिलेंगे। यहां के त्यौहार और यहां की मौज मस्ती सब आपके न्यू ईयर सेलिब्रेशन को यादगार बना देंगे, आइये जानते है इनके बारे में



मॉरीशस

मॉरीशस अपने शानदार होटेल्स और खूबसूरती के कारण जाना जाता है। यहां हिन्दुओं की आबादी तीसरे नम्बर पर हैं। यहां हिन्दुओं की लगभग 14 लाख की आबादी है। भारत और नेपाल के बाद मॉरीशस में हिन्दुओं की सबसे बड़ी आबादी रहती है। यहां की मुद्रा मारिशिये रुपया है। मॉरीशस घूमने में 7–10 दिनों का समय पर्याप्त रहेगा। इतने समय में आप मॉरीशस की सैर आराम से कर सकते हैं। मॉरीशस को ड्रीमलैंड के नाम से भी जाना जाता है। हनीमून कपल्स के लिए यह फेवरिट डेस्टिनेशन है। यहां आप अपने वेकेशंस को पूरी तरह से इंजॉय कर पाएंगे। मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुईस है जो राजा लुई के नाम पर दिया गया है। यहां से 30 किलोमीटर की दूरी पर यहां का अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा सर शिवसागर रामगुलाम स्थित है।

फिजी

फिजी पूरी दुनियां में अपने आइलैंड्स के लिए फेमस है। यहां के समुद्र तट अपनी खूबसूरती और शांत वातावरण से सुकून का अहसास कराते हैं। यहां भी आपको बड़ी संख्या में हिन्दू आबादी मिलेगी। फिजी की राजधानी सुवा यहां का सबसे बड़ा शहर है जो रेवा प्रान्त में हैं 1882 में सुवा को फिजी की राजधानी बनाया गया था। इसके पूर्व यहां की राजधानी लेवुका थी। यहां के आइलैंड फेमस वीकेंड डेस्टिनेशन हैं।

सूरीनाम

वीकेंड डेस्टिनेशन के लिहाज से सूरीनाम भी आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। सूरीनाम में 27.4 की आबादी हिन्दुओं की है। इसलिए यहां भी आपको अपने देश जैसी ही फीलिंग आएगी। यहां सूरीनामी हिंदी तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। यहां की आधिकारिक लैंग्वज डच है। सूरीनाम की राजधानी पारामारिबो है यहां कुल दस जिले हैं। सूरीनाम में आपको भोजपुरी बोलने वाले लोग अच्छी संख्या में मिल जायेंगे।

गुयानाः अगर आप वीकेंड स्पेंड करने के लिए कोई शांत और खूबसूरत डेस्टिनेशन नहीं सेलेक्ट कर पा रहें हैं तो गुयाना भी आपके लिए सही ऑप्शन है। यहां भी आपको बड़ी संख्या भारतीय मूल के लोग मिलेंगे। अंग्रेजी यहां की भाषा है। यहां आपको लकड़ी से बनीं इमारते देखने को मिलेंगी जिनमें यहां की प्राचीन सेंट जॉर्ज एंग्लिकन कैथ्रेडल है जिसे दुनिया भर के पर्यटक देखने आते हैं। यह दुनिया की सबसे ऊंची लकड़ी की इमारतों में से एक है। यहां की मुख्य मुद्रा गुइनिश डॉलर है लेकिन अंग्रेजी डॉलर भी चलता है। यहां के समुद्र तट और यहां के फेस्टिवल की मौज मस्ती देखने लायक होती है। यहां आपको रेलवे यातायात की सुविधा नहीं मिलेंगी यात्रा करने के लिए बसों का इस्तेमाल किया जाता है।

## दुद्धी में पत्रकारों के लिए वार्तालाप कार्यशाला का आयोजन आज

दुद्धी,सोनभद्र। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) वाराणसी के तत्वावधान में सोनभद्र जनपद के दुद्धी तहसील स्थित डी. आर. पैलेस होटल के सभागार में क्षेत्रीय पत्रकारों और भारत सरकार के बीच संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से वार्तालाप का आयोजन 27 दिसंबर 2022 को किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के करीब 100 पत्रकार सहित जनप्रतिनिधि और जिले वरिष्ठ अधिकारी प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में वक्तागण 'ग्रामीण अंचल में पत्रकारों की भूमिका' जैसे महत्वपूर्ण विषय पर व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और पत्र सूचना कार्यालय, वाराणसी के मीडिया एवं संचार अधिकारी प्रशांत कक्कड़ ने बताया कि दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी और साथ ही पत्रकार साथियों के लिए उपलब्ध विभिन्न योजनाओं की जानकारियों को साझा किया जाएगा।

# बच्चों ने किया वृक्षारोपण और जाना नौगढ़, जमुआर, डोम राजा पुल का इतिहास






दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शैमफोर्ड स्कूल के क्लास थ्री (ए+बी) के 65 बच्चे अपने कॉलेज के प्रिंसिपल वैभव सर और अध्यापक मन्नान सर के साथ एक प्रोजेक्ट (सेव नेचर) वर्क के तहत चेयरमैन श्याम बिहारी जायसवाल के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता किया। यह कार्यक्रम डोम राजा के पुल के निकट हुआ, जहां पर बच्चों ने डोम राजा के पुल के इतिहास, वृक्षारोपण के महत्व, जमुआर की समृद्धि और नौगढ़ का इतिहास जाना। बच्चों ने चेयरमैन श्याम बिहारी जयसवाल से अनेक सवाल भी किए, जिसमें उन्होंने बताया कि आप बच्चों के लिए नौगढ़ में बुद्धा पार्क, अंबेडकर, पार्क, भगत सिंह पार्क और एक खूबसूरत पोखरा पैडल बोटिंग के लिए बनाया गया है, इसमें सभी बच्चे अपने अध्यापक गणों और अभिभावक के साथ आनंद ले सकते हैं। सभी बच्चों को उपहार स्वरूप उन्होंने चॉकलेट दिया, स्वच्छता अभियान के बारे में जागरूक किया।




## अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल का हुआ निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड बर्डपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत





पिपरसन में संचालित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 40 गोवंश संरक्षित है। जिसमें 3 पशु बीमार है, एक पशु सड़क दुर्घटना में चोटिल है। निर्देशित किया गया कि पशु चिकित्सक से तत्काल उपचार करावे। गोवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा भूरा उपलब्ध पाया गया। हरे चारे की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि गौशाला की भूमि पर बरसीन बोया गया है। गौशाला में ठड़ से बचाव के लिए तिरपाल एवम अलाव की व्यवस्था कराए गया है। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पीने का पानी के हौज एवम परिसर की प्रतिदिन साफ सफाई कराने का निर्देश दिया गया।

## सम्मानित होंगे उसका के आनंद कुमार सुमन

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। अवध वाटिका साहित्य मंच बहराइच द्वाराआगामी 27 दिसम्बर को किसान इंटर कालेज बहराइच में एक



वृहद साहित्यिक एवं सांस्कृतिक सम्मान समारोह में स्थानीय नगर क्षेत्र के अम्बेडकर नगर (मोगलहा) के निवासी शिक्षक, साहित्यकार एवं जन लेखक आनन्द कुमार सुमन को उनके द्वारा लगातार साहित्य के क्षेत्र में किये जा रहे मानवीय मूल्यों के लिये संघर्षरत सृजनात्मक लेखकीय आन्दोलन के लिए सम्मानित किया जाएगा। जानकारी लेखक आनंद कुमार सुमन ने देते हुए बताया कि सांस्था की ओर से आमंत्रण पत्र प्राप्त हो चुका है। ज्ञातव्य हो कि सुमन पूर्वांचल के प्रतिष्ठित गीतकार, कवि व दलित साहित्यकार के रूप में जाने व पहचाने जाते हैं।

## फाइनल मैच का हुआ उदघाटन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। स्टेडियम में चल रहे टूर्नामेंट गौतम बुद्धा लेदर बॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच का उद्घाटन राकेश बिल्डिंग मैटेरियल प्रोपराइटर रुपेश वर्मा एवं केजीएन इंटरप्राइजेज सेल्स



प्रमोटर सिद्धार्थनगर सब्बू के द्वारा किया गया और टूर्नामेंट के आयोजक योगेश वर्मा के द्वारा समस्त आगंतुकों को सम्मानित किया गया आपको बता दें कि 1 हफ्ते से जिला स्टेडियम में चल रहे टूर्नामेंट में रविवार को गोरखपुर बनाम लखनऊ के बीच यह मैच खेला गया। जिसमें गोरखपुर 57 रनों से एक ऐतिहासिक जीत दर्ज की इस उपलक्ष में योगेश वर्मा ने कहा कि जैसे मैं विगत 3 वर्षों से यह टूर्नामेंट करवा रहा हूं आगे भी ऐसे होता रहेगा।

## लोकतंत्र के सजग प्रहरी के साथ साहित्यकार थे अटलःडा जयसिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर। राजकीय बौद्ध संग्रहालय पिपरहवा में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आगरा जनपद के बटेश्वर में जन्मे अटल जी की शिक्षा ग्वालियर के विक्टोरिया कॉलेज, वर्तमान में लक्ष्मीबाई कॉलेज से हुई थी। छात्र जीवन से ही वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बने और तभी से राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहे। कानपुर के डीएवी कॉलेज में राजनीति शास्त्र से एम. ए. की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की उसके बाद उन्होंने कानपुर में ही एलएलबी की पढ़ाई भी प्रारंभ की लेकिन बीच में ही विराम देकर पूरी निष्ठा से संघ के कार्य में जुट गए। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के निर्देशन में राजनीति का पाठ तो पढा ही साथ ही साथ कई पत्र–पत्रिकाओं के संपादन का कार्य भी कुशलतापूर्वक करते रहे। वह भारतीय जनसंघ की स्थापना करने वालों में से एक थे। 1968 से 1973 तक वह उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे। 1980 में जनता पार्टी से असंतुष्ट होकर इन्होंने जनता पार्टी छोड़ दी और भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की 6 अप्रैल 1980 में बनी भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष पद का दायित्व भी इन्हें सौंपा गया। लोकतंत्र के सजग प्रहरी अटल बिहारी वाजपेई ने 1996 में प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभाली 19 अप्रैल 1998 को पुनः प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और उनके नेतृत्व में 13 दलों की गठबंधन सरकार ने पांच वर्षों में देश के अंदर प्रगति के अनेक आयाम स्थापित किए। 2015 में उन्हें भारत रत्न दिया गया। 16 अगस्त 2018 को इस संसार से अपनी कीर्ति को अमरत्व प्रदान कर इन्होंने अपना नश्वर शरीर त्याग दिया। उक्त बातें मुख्यातिथि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ जयसिंह यादव ने कही। संग्रहालयाध्यक्ष डॉ तृप्ति राय ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जीवनी पर छात्रों को अवगत कराते हुए कहा कि वाजपेई भारत को उच्च शिखर पर पहुंचाया, उनके कार्यकाल में हुए कारगिल युद्ध में भारतीय सेना ने अपने शौर्य का परिचय देते हुए अभूतपूर्व विजय हासिल की इसके अतिरिक्त पोखरण परमाणु परीक्षण के द्वारा उन्होंने भारत को विश्व पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया।





## बाल वैज्ञानिक परमेश्वर ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का लहराया परचम

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। 30 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2022–23 के



राज्य स्तरीय प्रस्तुतिकरण में जनपद सिद्धार्थनगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय जोगिया की टीम का प्रोजेक्ट राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित किया गया। उक्त प्रोजेक्ट का प्रस्तुतिकरण ग्रुप लीडर परमेश्वर द्वारा किया गया, जिसे गाइड टीचर अंशुमान सिंह ने मार्गदर्शन प्रदान किया। उक्त राज्य स्तरीय प्रस्तुतिकरण पतंजलि ऋषिकुल विद्यालय प्रयागराज में सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों के चयनित प्रोजेक्ट्स में से कुल 21 प्रोजेक्ट का चयन राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुतिकरण हेतु किया गया। जिसका आयोजन जनवरी के अंतिम सप्ताह में अहमदाबाद गुजरात मे होना है। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला समन्वयक एन.सी.एस.सी. ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने प्रोजेक्ट टीम के प्रतिभागी बच्चों परमेश्वर व सचिन, गाइड टीचर अंशुमान सिंह और एकेडमिक समन्वयक अभिषेक कुमार को बधाई देते हुए कहा कि यह बेसिक शिक्षा विभाग जनपद सिद्धार्थनगर के गौरवशाली उपलब्धि है। इससे अन्य बच्चों को भी प्रेरित होने की आवश्यकता है।

## ब्लॉक स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम हुआ संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेल कूद का आयोजन किया



रवि प्रताप यादव की अध्यक्षता में खेल कूद का कार्यक्रम किया गया जिसमे मुख्य अतिथि में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम सुरेश चौहान रहे इस कार्यक्रम के द्वारा कबड्डी, वालीबाल, खो–खो, दौड़, लंबी कूद खिलाया गया इसमें प्रथम आए हुए बच्चो को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम सुरेश चौहान ने बताया कि सभी बच्चे बहुत अच्छा से निष्ठावान से प्रतिभाग किया और भविष्य उज्ज्वल के लिए शुभकामनाएं दी है। इस कार्यक्रम में उपस्थित आकांक्षा पाठक, अखिलेश यादव, विनय कुमार, आलोक चौरसिया, सौहार्द यादव, अनूप चौरसिया, नन्द प्रताप यादव आदि लोग रहे मौजूद।

## भारी पुलिस बल के साथ पहुंची राजस्व टीम ने किया विवाद का निपटारा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। थाना शिवनगर डिंडई क्षेत्र के मसैचा गाँव में ग्राम पंचायत द्वारा अमृत सरोवर के किनारे बनवाए जा रहे इंटरलॉकिंग मार्ग को लेकर गाँव के ही दो लोगों द्वारा आपत्ति की गई थी। जिसके दृष्टिगत उपजिलाधिकारी बांसी प्रमोद कुमार के आदेश पर सोमवार को भारी पुलिस बल के साथ मसैचा गाँव पहुंची राजस्व टीम ने जमीन की पैमाइश कर दोनों पक्ष की सहमति से मामले का निस्तारण करा दिया। ग्राम पंचायत मसैचा में कब्रिस्तान की जमीन को लेकर पुराना विवाद है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि पोखरे के उत्तर भीटे पर लगभग दो बीघे से कुछ अधिक कब्रिस्तान की जमीन पूर्व से ही आरक्षित है परन्तु गाँव के कुछ लोग पश्चिम भीटे पर जो कि चकबंदी के बाद ग्राम सभा की जमीन थी उस पर अवैध निर्माण कर व उसके उत्तर कुछ मृतकों को दफन कर जमीन उपरोक्त को कब्रिस्तान की जमीन बता कर पोखरे के किनारे ग्राम पंचायत द्वारा बनाए जा रहे इंटरलॉकिंग मार्ग के निर्माण में हस्तक्षेप कर रहे थे। जिसके लिए ग्राम प्रधान राममिलन चौधरी द्वारा उपजिलाधिकारी बांसी को प्रार्थना पत्र देकर मामले के विधिक निस्तारण का मांग किया गया था। उक्त क्रम में ही नायब तहसील दार (तिलौली) विजय कुमार श्रीवास्तव की अगुवाई में पहुंचे राजस्व टीम द्वारा दोनों पक्षों की मौजूदगी में पोखरे के इर्दगिर्द जमीन की पैमाइश कर उभय पक्षों की सहमति से पोखरे के किनारे बनवाए जा रहे इंटरलॉकिंग मार्ग के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करा दिया। दोनों पक्षों ने मौके पर सुलहनामा भी लिखा। लोगों ने सुलहनामे लिखा है कि पोखरे के किनारे ग्राम पंचायत द्वारा लगवाए गए पिलरों के अंदर भीटे पर ही ग्राम पंचायत द्वारा इंटरलॉकिंग कराया जाएगा। जिस पर भविष्य में कोई आपत्ति नहीं होगी। और दूसरे पक्ष ने भी सहमति व्यक्त किया है कि कब्रिस्तान के लिए सरकारी अभिलेख में कब्रिस्तान दर्ज गाटा संख्या कब्रिस्तान का उपयोग किया जाएगा। और पश्चिमी भीटे की बंजर भूमि पर कोई अवैध निर्माण नहीं किया जाएगा। राजस्व टीम में राजस्व निरीक्षक गिरीश चन्द्र मिश्रा, क्षेत्रीय लेखपाल प्रशांत चौधरी, तथा सहयोगी लेखपाल रामकिशोर, शैलेश कुमार व बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों सहित सुरक्षा के लिए शिवनगर डिंडई थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला की टीम सहित खेसरहा, बांसी व कोतवाली जोगिया का भी पुलिस बल सुबह से ही तैनात रहा।

## सम्पादकीय

**वहां टैंकरों के जरिए बाहर से उसे लाया जाता है और फिर लोकल वेंडर इसकी सप्लाई करते हैं। ताजा घटना सारण जिले में हुई है। इस जिले के इन्हीं इलाकों में चार माह पहले 18 लोगों की जहरीली शराब से मौत हो गई थी। तब भी ये बात सामने आई थी कि देसी शराब किस सहजता के साथ उपलब्ध है। इस बार भी मामला सामने आने के ...**

# समाधान तो सोचना होगा



भले अपनी समझ से सरकार ने शराबबंदी लोक हित में लागू की हो, लेकिन इस बंदी की आड़ में गैर–कानूनी धंधा फूलने–फलने लगे, तो उसके लिए सरकार अपनी जवाबदेही से नहीं बच सकती। बिहार में जहरीली शराब हादसे की ताजा घटना में मौतों की बढ़ती संख्या के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह विवादास्पद बयान दिया कि शपियोगे तो मरोगे।य उनकी दलील है कि हत्या अनंतकाल से अपराध है, फिर हत्याएं होती हैं। उसी तरह शराब पीना अपराध बनाए जाने के बाद आपराधिक तत्व इसे बेचने का धंधा करते हैं, जिसमें लोग सहभागी बन कर अपनी जान को खतरे में डालते हैं। इस सिलसिले में नीतीश कुमार से यह प्रश्न पूछा जा सकता है कि क्या हत्याकांड होने पर प्रशासन और सरकार की जवाबदेही तय नहीं की जाती है? इसी तरह भले अपनी समझ से सरकार ने शराबबंदी लोक हित में की हो, लेकिन इस बंदी की आड़ में गैर–कानूनी धंधा फूलने–फलने लगे, तो उसके लिए सरकार अपनी जवाबदेही से नहीं बच सकती। जिस तरह उसने समाज सुधार के इस कदम के लिए उत्साह दिखाय, उससे वैसी ही अपेक्षा उस कदम की वजह से पैदा हुई समस्या का समाधान ढूंढने की है।

गौरतलब है कि पहले की घटनाओं की तरह ही ताजा घटना के शिकार ज्यादातर गरीब और पिछड़े तबकों के लोग बने हैं। जबकि ये आम शिकायत है कि संपन्न और रसूखदार लोगों के लिए शराब सप्लाई की व्यवस्था बदस्तूर जारी है। आरोप तो यह है कि इस व्यवस्था को पुलिस और प्रशासन की सहभागिता से चलाया जा रहा है। ऐसे में सरकार उसके कदम की वजह से बनी स्थिति के शिकार लोगों को ही दोषी ठहरा कर अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। उसके पास इस शिकायत का भी कोई उचित जवाब नहीं है कि तमाम इलाकों में आसानी से शराब मिल जाती है। वहां टैंकरों के जरिए बाहर से उसे लाया जाता है और फिर लोकल वेंडर इसकी सप्लाई करते हैं। ताजा घटना सारण जिले में हुई है। इस जिले के इन्हीं इलाकों में चार माह पहले 18 लोगों की जहरीली शराब से मौत हो गई थी। तब भी ये बात सामने आई थी कि देसी शराब किस सहजता के साथ उपलब्ध है। इस बार भी मामला सामने आने के बाद से बीते 48 घंटे के दौरान 600 लीटर देसी शराब जब्त की जा चुकी थी। सवाल है कि ये जब्ती पहले क्यों नहीं हुई?

# इस सत्र में दिखी विपक्षी एकता

संसद के शीतकालीन सत्र में भले विपक्षी पार्टियों के उठाए मुद्दों पर चर्चा नहीं




हुई लेकिन संसद के अंदर और बाहर विपक्षी पार्टियों में एकजुटता देखने को मिली। ऐसी पार्टियां, जो एक दूसरे का खुल कर विरोध करती हैं और चुनाव में एक दूसरे को नुकसान पहुंचाने के लिए लड़ती हैं वो पार्टियां भी एक साथ आईं। आम आदमी पार्टी के नेता भी कांग्रेस की बुलाई बैठक में शामिल हुए तो तृणमूल कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति के नेता भी कांग्रेस के साथ बैठे। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने सरकार के खिलाफ रणनीति बनाने के लिए दो बैठकें कीं और उनमें आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और बीआरएस के नेता शामिल हुए। संसद के अंदर विपक्षी पार्टियों ने एक दूसरे के पूरक के तौर पर काम किया। हर पार्टी ने दूसरी विपक्षी पार्टी के उठाए मुद्दों का समर्थन किया। चीन के मसले पर चर्चा नहीं कराने के विरोध में संसद परिसर में सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सांसद जुटे तो सभी विपक्षी पार्टियों के नेता उस विरोध में शामिल हुए। इसी तरह केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने बिहार के विरोध में अपमानजनक टिप्पणी की तो राष्ट्रीय जनता दल ने इसका मुद्दा बनाया और सभी पार्टियों के नेता राजद के साथ इसके विरोध में शामिल हुए। संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने राजद के साथ उसकी सहयोगी जदयू और कांग्रेस तो शामिल हुए ही साथ ही डीएमके, शिव सेना, तृणमूल कांग्रेस आदि के सांसद भी शामिल हुए। इससे पहले कांग्रेस की बुलाई बैठकों में आप, तृणमूल और बीआरएस के नेता शामिल नहीं होते थे। इस बार तृणमूल ने कांग्रेस के वाकआउट में भी उसका साथ दिया। हालांकि इससे यह नहीं कहा जा सकता है कि राजनीतिक मोर्चे पर भी सभी विपक्षी पार्टियां एक हो जाएंगी। लेकिन संसद की एकजुटता बाहर भी जरूर काम आएगी।

# 2024 का चुनाव : भाजपा या संयुक्तमोर्चा

**नीतीश कुमार लगातार विपक्षी एकता की अपील करते रहे हैं, विपक्ष के बड़े नेताओं से भी मुलाकातें की हैं, लेकिन सबसे प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस और शैशवकालीन आप अलग– अलग ध्रुवों पर मौजूद हैं । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि सभी विपक्षी दल कांग्रेस की छतरी के तले आ जायें और विपक्षी महागठबंधन की शुरुआत की जायें, लेकिन आप के संयोजक केजरीवाल बार–बार ...**

अजय दीक्षित

जनता दल–यू के अध्यक्ष ललन सिंह ने हुंकार भरी है कि 2024 में भारत को भाजपा–मुक्त किया जा सकता है । प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को चुनावों में पटखनी दी जा की है । बिहार में लोकसभा की सभी 40 सीटें जदयू गठबन्धन जीतेगा। यह भी दावा किया गया है कि यदि नीतीश कुमार को दिल्ली भेज दें, तो 6 महीने में ही सरकार गिर जायेगी । ललन सिंह कौन हैं, फिलहाल बिहार के बाहर देश उन्हें नहीं जानता कि वह कैसे अफलातून हैं । वह जद यू सरीखे क्षेत्रीय दल के मनोनीत अध्यक्ष रू–यू हैं, जिन पर नीतीश कुमार की कृपा है। उन्होंने जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राष्ट्रीय पार्टी बनने का लक्ष्य तय किया है। फिलहाल लालू–तेजस्वी यादव के राजद के सहारे नीतीश कुमार और जद यू बिहार में सत्तारूढ़ हैं। ये कब पलटू हो जाएं, कुछ कहा नहीं जा सकता। अलबत्ता भाजपा ने अब गठबंधन करने से तौबा कर ली है। बहरहाल ललन सिंह का बयान महज बड़बोलापन और अपरिपक्क सियासत का उदाहरण तो हो सकता है। इसके अलावा यह बेमानी है। बेशक प्रधानमंत्री मोदी अपराजेय नहीं है, यह विश्लेषण हम कर चुके हैं, लेकिन 300 से ज्यादा लोकसभा सांसदों, करीब 100 राज्यसभा सदस्यों, देश के 17 राज्यों में सरकारें और विधायकों तथा करीब 18 करोड़ के काडर वाली भाजपा से मुक्त भारत की



कल्पना की जा सकती है? कभी भाजपा और खासकर प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस मुक्त भारत का नारा दिया था। बीते एक अरसे से भाजपा ने भी यह नारा छोड़ दिया है। अब तो हिमाचल में कांग्रेस सरकार बनने के बाद तीन राज्यों में पार्टी सत्तारूढ़ है। 2019 के आम चुनाव में करीब 12 करोड़ मतदाताओं ने कांग्रेस के पक्ष में वोट दिया था। गुजरात और दिल्ली नगर निगम के चुनावों कांग्रेस हाशिए पर आ गई है। उसके अलावा आम आदमी पार्टी (आप) देश की सबसे छोटी और शैशवकालीन पार्टियों में एक है। मात्र 10 साल की राजनीति के बाद ही वह राष्ट्रीय पार्टी बन गई है। क्या आप मुक्त भारत की आवाज बुलंद की जा सकती है ? दरअसल हमारा मानना है कि साझा विपक्ष लोकसभा की सभी 543 सीटों पर, भाजपा के रू–ब–रू, साझा उम्मीदवार उतारे और सामूहिक तौर पर पूरा चुनाव लड़े, तो मोदी और भाजपा को बेचौन किया जा सकता है । जीत–हार के दावे तब भी नहीं किए जा सकते । जद–यू की राजनीतिक हैसियत तो बौनी–सी है । प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और प्रचार के बावजूद विधानसभा और स्थानीय स्तर के चुनाव विपक्ष जीत सकता है, लेकिन देश के आम चुनाव की बात शुरू होगी, तो प्रधानमंत्री मोदी आज भी सबसे लोकप्रिय, स्वीकार्य और राष्ट्रीय नेता हैं। यह उनके धुर विरोधी और वामपंथी चिन्तक तक मानते हैं ।आम चुनाव के सन्दर्भ, मुद्दे और सरोकार भी राष्ट्रीय होते हैं । राष्ट्रीय सन्दर्भ में जद–यू फिलहाल भ्रूण की अवस्था में है ।उसके शीर्ष नेता और गठबंधन की सातों ताकतें बिहार के विधानसभा उपचुनाव तो भाजपा के मुकाबले जीत नहीं पाईं और भाजपा मुक्त भारत की गालबजाई शुरू हो गई है। अभी तो यह देखना शेष है कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के समर्थन, सहयोग के बिना जद यू कितनी लोकसभा सीटें जीत सकता है ? नीतीश कुमार लगातार विपक्षी एकता की अपील करते रहे हैं, विपक्ष के बड़े नेताओं से भी मुलाकातें की हैं, लेकिन सबसे प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस और शैशवकालीन आप अलग–अलग ध्रुवों पर मौजूद हैं । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि सभी विपक्षी दल कांग्रेस की छतरी के तले आ जायें और विपक्षी महागठबंधन की शुरुआत की जायें, लेकिन आप के संयोजक केजरीवाल बार–बार यह व्यंजना देते रहे हैं कि कौन कांग्रेस ? वह खुद विपक्षी एकता के चेहरे बनना चाहते हैं ।अभी तक तो विपक्ष के किसी भी मंच पर यह शुरुआती कोशिश दिखाई नहीं दी कि विपक्षी एकता के प्रति सभी गंभीर हैं। आप सिर्फ मोदी–विरोध के नाम पर विपक्षी गठबंधन के लिए तैयार नहीं है ।सवाल यह भी किया जाता रहा है कि क्या क्षेत्रीय दलों के हाथों में देश की बागडोर दी जा सकती है ?

**{ उनका सरंक्षण ऐसे कानून और बिल नहीं कर सकते। इसलिए सोच–समझ कर ऐसी व्यवस्था बनाने की जरूरत है, जो सही मायनों में प्रकृति का संरक्षण करने में कारगर हो सके। आज सरकार जो कानून बनाने जा रही है, वह पर्याप्त नहीं हैं। मनुष्य के लिए प्राण वायु से लेकर इको सिस्टम की सख्त जरूरत है। सभी तरह के जीव–जंतुओं का अस्तित्व बनाए रखने का प्रयास जरूरी है, ताकि... }**

# वन्य जीव : कानून को ज्यादा सख्त बनाना होगा

भगवती प्र. डोभाल

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने संसद के शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन वन्य जीवन संरक्षण संशोधन विधेयक राज्य सभा के पटल पर रखा।

इससे पूर्व यह विधेयक मानसून सत्र में 3 अगस्त को लोक सभा में पारित कर दिया गया था। इस बिल का उद्देश्य वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्रायरू प्रजातियों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन के बेहतर कार्यान्वयन के लिए एक प्रयास है।

विधेयक एक ऐसे प्रावधान के कारण से विवादास्पद था, जिसमें हाथियों का व्यापार करना संभव बना दिया गया था। इस कारण सदन में भारी विरोध के कारण उस प्रावधान को हटा दिया गया। विधेयक पेश करते हुए यादव ने कहा कि जंगली जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्रायरू होने वाली प्रजातियों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर सम्मेलन सीआईटीईएस के तहत भारत के दायित्वों को पूरा करने के लिए संशोधन पेश किया गया है, क्योंकि भारत सीआईटीईएस का सदस्य है। जिस गति से वन्य जीवों और वनस्पतियों की प्रजातियों का नुकसान हो रहा है, यह समझौता उसी के पालन के लिए संशोधित किया गया था।

भारत में वन्य जीवों के अवैध व्यापार के लिए अलग नियमों का प्रावधान किया गया है–जैसा सीमा शुल्क अधिनियम, एक्जिम नीति, विदेश व्यापार महानिदेशालय और वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम के तहत नियंत्रित किया जाता है। सीआईटीईएस ने वन्य जीवों के अवैध व्यापार के लिए अलग नियम का प्रावधान बनाया। यूपीए ने सीआईटीईएस के तहत अपने आश्वासनों को पूरा नहीं किया। लेकिन हम अभी इसे पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। लोक सभा ने इसे पारित कर दिया है। यादव ने कहा कि अधिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए सीआईटीईएस के परिशिष्ट–2 से परिशिष्ट–1 में लाल मुकुट वाले कछुवे और लीथ के सॉफ्ट शेल कछुवे को स्थानांतरित करने के भारत के प्रस्ताव को पनामा में सीआईटीईएस की 19वीं बैठक में पार्टियों के सम्मेलन सीवोपी द्वारा अपनाया गया है। उन्होंने कहा कि सीआईटीईएस ने छोटे कारीगरों को राहत देते हुए 10 किग्रा. तक की शीशम की लकड़ी में व्यापार पर कैप को मुक्त करने की अनुमति दी है।



लोक सभा में पारित विधेयक में वन्य जीवों के लिए राज्य बोडरे की स्थायी समितियों के गठन से संबंधित प्रावधान बनाया गया है। विशेषज्ञों ने कहा है कि इस प्रावधान से राज्य स्तर पर बुनियादी ढांचा, परियोजनाओं के लिए वन्य जीवन मंजूरी की प्रक्रिया को आसान बनाने की संभावना है, क्योंकि पैनल में ज्यादातर आधिकारिक सदस्य शामिल होंगे। अप्रैल में कांग्रेस नेता जयराम रमेश की अध्यक्षता वाली संसद की स्थायी समिति ने केंद्र से बंदी हाथियों के परिवहन के प्रावधानों का स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया था और इसकी कुछ सिफारिशों को केंद्र ने स्वीकार कर लिया था। तत्कालीन संप्रग सरकार ने 2005 में इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आश्वासन दिया था, लेकिन उसे पूरा नहीं किया। यह सरकार इस आश्वासन को पूरा करने के साथ ही 1972 के कानून में संशोधन करना भी चाहती है। इस पर कांग्रेस के विवेक के. तन्खा ने कहा कि वन्य जीवों पर कानून बनाने का अधिकार पहले राज्यों के पास था। 1970 के दशक में संविधान संशोधन के बाद इस विषय को समवर्ती सूची में डाल दिया गया था। बिल का सेक्शन 43 इजाजत देता है कि हाथियों को एक जगह से दूसरी जगह धार्मिक और श्अन्य किसी भी कार्योंय के लिए ले जा जाया जा सकता है, जो कुछ स्पष्ट नहीं करता। बिल में यह बात स्पष्ट हो कि तीसरी पार्टी की शिकायत पर लुप्त हो रही प्रजातियों को गैर–कानूनी ढंग से बंदी बनाए जाने पर रोक लगे। इसी बात पर विपक्षी दलों ने सदन में बिल का विरोध किया और जोर दिया कि सरकार संघीय ढांचे की व्यवस्था को तोडने का प्रयास कर रही है। देखा जाए तो देश के 20 फीसद भाग में वन हैं, वनों की सुरक्षा जरूरी है। इसके लिए स्थानीय लोगों की भूमिका बहुत आवश्यक है। उनके जंगल में घुसने के अधिकार को नहीं रोका जाना चाहिए। वनों और वन्य जीवों की सुरक्षा में आदिवासियों का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने ही वन संपदा को सुरक्षित रखने का प्रयास किया है। उनको वनों से बेदखल कर बाहरी व्यक्ति और व्यावसायिक हाथों के सुपुर्द करना पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। वनों के कटान का सिलसिला ब्रिटिश काल से ही उनके द्वारा बनाए कानूनों से शुरू हो गया था। इसी कारण वनों की अंधाधुंध कटाई से आज बहुत सारे वन समाप्त हो चुके हैं, और उस क्षेत्र में पैदा होने वाली वनस्पतियों और जीव–जंतुओं का इस धरती से पलायन हो गया है।



# विश्व का नंबर एक टी20 बल्लेबाज होना सपने जैसा लगता हैः सूर्यकुमार

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट की नई सनसनी सूर्यकुमार यादव को टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विश्व का नंबर एक खिलाड़ी बनना अब भी सपने जैसा लगता है, लेकिन वह सीमित ओवरों के प्रारूप तक ही सीमित नहीं रहना चाहते हैं और उनकी टेस्ट क्रिकेट में भी अपना जलवा दिखाने दिली तमन्ना है। सूर्यकुमार ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज होने, अगले साल होने वाले विश्वकप और टेस्ट क्रिकेट खेलने की अपनी तमन्ना को लेकर बात की। सूर्यकुमार से साक्षात्कार के अंश इस प्रकार हैंदृ प्रश्नरू अगर आज से एक साल पहले कहा जाता कि साल के आखिर में आप टी20 क्रिकेट में नंबर एक बल्लेबाज बने रहेंगे, तो क्या आप इस पर विश्वास करते? उत्तररू यह अब भी सपने जैसा लगता है।

अगर साल भर पहले किसी ने मुझे टी20 क्रिकेट का नंबर एक बल्लेबाज कहा होता तो मुझे नहीं पता कि मैं कैसे प्रतिक्रिया करता। जब मैंने इस प्रारूप में खेलना शुरू किया तो मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता था और इसके लिए मैंने कड़ी मेहनत की थी। प्रश्नरू अब प्राथमिकता 2023 में होने वाला वनडे विश्व कप होगा, तो क्या आप 50 ओवरों के प्रारूप के लिए अपने खेल में बदलाव करेंगे? उत्तररू जब मैं किसी प्रारूप में खेल रहा होता हूं तो उसके बारे में बहुत नहीं सोचता, क्योंकि मैं जब भी बल्लेबाजी के लिए जाता हूं तो उसका भरपूर आनंद लेता हूं। मैं यही सोचता हूं कि जब भी मैं क्रीज पर जाऊं तो मैच में पासा पलटने वाला प्रदर्शन करूं। मुझे बल्लेबाजी करना पसंद है फिर चाहे वह टी20, वनडे या रणजी ट्रॉफी कुछ भी हो।

प्रश्नरू क्या आपको ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद है? उत्तररू मैंने लाल गेंद से आयु वर्ग के राष्ट्रीय स्तर पर खेलना शुरू किया, इसलिए इसका उत्तर इसी में निहित है। पांच दिवसीय मैचों में आपके सामने पेचीदा लेकिन रोमांचक परिस्थितियां होती हैं और आप चुनौती का सामना करना चाहते हैं। हां, यदि मुझे मौका मिलता है तो मैं तैयार हूं।'' प्रश्नरू कौशल सीखा जा सकता है लेकिन किसी खिलाड़ी को उच्च स्तर पर खेलने के लिए मानसिक रूप से कैसे तैयार करना चाहिए? उत्तररू मैं यही कहूंगा कि यह कभी असंभव नहीं होता है लेकिन निश्चित तौर पर मुश्किल होता है। इसके लिए आपका रवैया अच्छा होना चाहिए। मैं अधिक अभ्यास करने के बजाय बेहतर अभ्यास करने पर ध्यान देता हूं। मैंने और मेरे परिवार ने काफी बलिदान दिए हैं। भारत की तरफ से पदार्पण करने से पहले मैं 10 साल तक प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खेलता रहा हूं।



प्रथम श्रेणी क्रिकेट में आपको काफी चीजें सीखने को मिलती हैं और इसलिए जब आप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हैं और भिन्न तरह के गेंदबाजों का सामना करते हैं तो फिर आपको केवल खुद को अभिव्यक्त करने की जरूरत होती है। प्रश्नरू पिछले कुछ वर्षों से घरेलू स्तर पर और आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद राष्ट्रीय टीम में चयन नहीं होने पर क्या आपको निराशा होती थी या गुस्सा आता था? उत्तररू मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं खीझ जाता था लेकिन हमेशा मैं यह सोचता था कि अगले स्तर पर जाने के लिए अलग से क्या करना होगा। इसलिए मैंने कड़ी मेहनत करना जारी रखा और आपको इसके साथ ही अपने खेल का भी आनंद लेना होता है। आप इसीलिए क्रिकेट खेलना शुरू करते हैं।

मैं जानता था कि अगर मैं परिणाम पर ध्यान न दूं और अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करूं तो मैं किसी दिन राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने में सफल रहूंगा। प्रश्नरू क्या आप हमें अपनी 360 डिग्री तकनीक के बारे में कुछ बता सकते हैं? उत्तररू यह दिलचस्प कहानी है। मेरे स्कूल और कॉलेज के दिनों में मैंने रबड़ की गेंद से काफी क्रिकेट खेली। सीमेंट की कड़ी पिचों पर और बारिश के दिनों में 15 गज की दूरी से की गई गेंद तेजी से आती थी तथा यदि लेग साइड की बाउंड्री 95 गज होती थी तो ऑफ साइड की 25 से 30 गज ही होती थी। इसलिए ऑफ साइड की बाउंड्री बचाने के लिए अधिकतर गेंदबाज मेरे शरीर को निशाना बनाकर गेंदबाजी करते थे। ऐसे में मैंने कलाइयों का इस्तेमाल करना, पुल करना और अपर कट लगाना सीखा।

मैंने नेट पर कभी इसका अभ्यास नहीं किया। प्रश्नरू विराट कोहली और रोहित शर्मा के साथ आपके संबंध कैसे हैं? उत्तररू मैं वास्तव में बेहद भाग्यशाली हूं जो विराट कोहली और रोहित शर्मा के साथ खेल रहा हूं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के दिग्गज सितारे हैं। उन्होंने जो कुछ हासिल किया है मैं नहीं जानता कि कभी मैं उसे हासिल कर पाऊंगा या नहीं। हाल में मैंने विराट भाई के साथ कुछ अच्छी साझेदारियां निभाई और मैंने उनके साथ बल्लेबाजी करने का आनंद लिया। प्रश्नरू क्या आप अपने करियर में मुंबई इंडियंस और आपकी पत्नी देवीशा के योगदान के बारे में बताएंगे? उत्तररू मेरी जिंदगी और क्रिकेट यात्रा में दो स्तंभ हैं – मुंबई इंडियंस और मेरी पत्नी देवीशा।

पहले मैं मुंबई इंडियंस के योगदान पर बात करूंगा। जब मैं 2018 में कोलकाता नाइट राइडर्स को छोड़कर यहां आया था तो मैं शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी के मौके पर ध्यान दे रहा था और मेरे कहे बिना ही टीम प्रबंधन ने मुझ पर भरोसा दिखा कर मुझे यह जिम्मेदारी सौंप दी थी। मैंने 2016 में देवीशा से शादी की और जब मैं मुंबई इंडियन से जुड़ा तो हम दोनों ने अगले स्तर पर जाने के लिए क्या करना चाहिए इसके बारे में सोचना शुरू किया। मुझे जब भी उनकी जरूरत पड़ी तो वह मेरे साथ खड़ी रही। एक खिलाड़ी के तौर पर मैं जिस तरह का संतुलन चाहता था देवीशा ने मुझे वह मुहैया कराया।

# पाकिस्तानी क्रिकेटर हारिस रऊफ को पत्नी को लेकर जारी करना पड़ा बयान, जानें क्या है पूरा मामला

पाकिस्तानी क्रिकेटर हारिस राऊफ ने कुछ समय पहले ही मॉडल मुजना मसूद मलिक के साथ शादी की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हारिस ने अपनी शादी की फोटोज को शेयर किया है, जिसमें वो और उनकी पत्नी दोनों ही बेहद खुबसूरत दिख रहे है। दोनों का निकाह इस्लामाबाद में 24 दिसंबर को हुआ है।

इसके बाद दोनों की शादी की फोटोज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। इसी बीच शादी के महज एक ही दिन में हारिस रऊफ को अपनी पत्नी को लेकर सफाई पेश करते हुए एक पोस्ट करना पड़ा है। ये पोस्ट सभी फैंस को काफी हैरान कर रहा है।

पत्नी को लेकर पेश की सफाई

बता दें कि हारिस रऊफ को अपनी पत्नी को लेकर सफाई पेश करनी पड़ी है। हारिस ने फैंस को बताया कि उनकी पत्नी किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नहीं है। उनकी पत्नी के नाम से किसी तरह का कोई अकाउंट नहीं है। दरअसल उनकी पत्नी के नाम पर सोशल मीडिया अकाउंट होने की बात कही जा रही थी। इसके बाद उन्हें इस संबंध में सफाई देनी पड़ी है।



हारिस रऊफ ने ट्वीट कर बताया कि सभी को नमस्कार, मैं ये स्पष्ट करना चाहता हूं कि मेरी पत्नी मुजना मसूद मलिक किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध नहीं है। उसका कोई आधिकारिक अकाउंट नहीं है। कृप्या किसी तरह के पोस्ट से सावधान रहें। आप सभी को दुआओं और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद।

पत्नी ने लगवाई खास मेहंदीः इस मौके पर शादी के लिए मुजना ने अपने हाथ में खास मेहंदी लगवाई थी। इस मेहंदी में भ्त150 लिखा था, जिसमें 150 उनकी गेंदबाजी की स्पीड को दर्शाता है। इस शादी में हारिस के कई साथी भी मौजूद रहे थे। इस दौरान अफरीदी के अलावा तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और उमर अकमल भी नजर आए। हारिस रऊफ पारंपरिक सफेद शेरवानी में नजर आए जबकि उनकी पत्नी ने भी सफेद ड्रेंस पहनी थी, जिसमें सुनहरे रंग की कढ़ाई थी।

बता दें कि हारिस रऊफ इस समय न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली सीरीज का हिस्सा नहीं बने है। न्यूजीलैंड की टीम इस समय पाकिस्तान का दौरा कर रही है। इस दौरान दोनों टीमों के बीच दो टेस्ट मैचों और तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज होनी है। इस टेस्ट सीरीज की शुरुआत 26 दिसंबर से कराची में होने वाली है।

# मदर डेयरी का दूध दो रुपये लीटर महंगा हुआ, इस साल पांचवीं बार बढ़ाए दाम

नयी दिल्ली। दूग्ध विक्रेता मदर डेयरी ने दिल्ली–एनसीआर इलाके में अपने दूध के दाम दो रुपये प्रति लीटर तक बढ़ाने की घोषणा की है। नई कीमतें मंगलवार से लागू होंगी। दिल्ली–एनसीआर




क्षेत्र की प्रमुख दुग्ध विक्रेता मदर डेयरी की तरफ से दूध के दाम बढ़ाने का यह इस साल पांचवां मौका है। मदर डेयरी दिल्ली एवं आसपास के इलाकों में रोजाना 30 लाख लीटर से अधिक दूध की बिक्री करती है। मदर डेयरी ने कहा कि फुल क्रीम दूध का दाम अब 66 रुपये प्रति लीटर हो गया है जबकि टोंड दूध की संशोधित कीमत 53 रुपये प्रति लीटर होगी। वहीं डबल टोंड दूध के दाम रुपये बढ़कर 47 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। हालांकि, कंपनी ने गाय के दूध की थैली एवं टोकन से खरीदे जाने वाले दूध के दाम नहीं बढ़ाए हैं। मदर डेयरी ने इस कीमत वृद्धि के लिए दुग्ध उत्पादक किसानों से की जाने वाली खरीद की लागत बढ़ने को जिम्मेदार बताया है। कंपनी ने कहा कि पिछले साल की तुलना में इस साल दूध की खरीद लागत करीब 24 प्रतिशत तक बढ़ गई है। कंपनी ने कहा, ''दुग्ध उद्योग के लिए यह एक अप्रत्याशित साल रहा है। हमें त्योहारों के बाद भी उपभोक्ताओं और संस्थानों दोनों से ही मांग में तेजी देखने को मिल रही है। वहीं कच्चे दूध की खरीद दिवाली के बाद भी तेजी नहीं पकड़ पाई है।

# उत्तर कोरिया के ड्रोन ने किया हवाई क्षेत्र का उल्लंघनय दक्षिण कोरिया ने चेतावनी देते हुए गोलीबारी की

सियोल। दक्षिण कोरिया ने कहा कि उसने उत्तर कोरिया के ड्रोन द्वारा उसके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किए जाने के बाद चेतावनी देते हुए गोलीबारी की। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि कोरियाई सीमा



पार करके आए कई मानवरहित उत्तर कोरियाई ड्रोन सोमवार को दक्षिण कोरिया के क्षेत्र में देखे गए। ऐसा 2017 के बाद पहली बार हुआ है, जब उत्तर कोरिया के ड्रोन दक्षिण कोरिया के हवाई क्षेत्र में घुसे हैं। इस घटना से तीन दिन पहले दक्षिण कोरिया ने कहा था कि उत्तर कोरिया ने उसके पूर्वी समुद्री तट की ओर छोटी दूरी की दो बैलिस्टिक मिसाइल दागी हैं।

# PAK vs NZ: सेलेक्टर बनते ही एक्शन में शाहिद अफरीदी, रिजवान प्लेइंग XI से बाहर, इस दिग्गज कप्तान की हुई वापसी

पाकिस्तान क्रिकेट कई बड़े बदलाव से गुजर रहा है। हाल में ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष पद से रमीज राजा को हटा दिया गया था। रमीज राजा की जगह नजम सेठी को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी शाहिद अफरीदी को अंतरिम मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही शाहिद अफरीदी अब एक्शन में दिखाई दे रहे हैं। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला खेली जा रही है। पहले ही टेस्ट में बड़ा बदलाव हो गया है। पूर्व कप्तान सरफराज अहमद को टीम में शामिल किया गया है। 2018 के बाद सरफराज अहमद को टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, हाल में ही इंग्लैंड के खिलाफ संपन्न हुई



टेस्ट श्रृंखला में भी सरफराज अहमद को टीम में शामिल किए जाने की मांग उठी थी। लेकिन मोहम्मद रिजवान को ही वरीयता दी गई। हालांकि, शाहिद अफरीदी के चयनकर्ता बनने के साथ ही मोहम्मद रिजवान की जगह टीम में सरफराज अहमद को शामिल किया गया है। सरफराज के अलावा तेज गेंदबाज मीर हमजा और सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक की भी टीम में वापसी हुई है। आपको बता दें कि न्यूजीलैंड की टीम 2003 के बाद पहली बार पाकिस्तान का दौरा कर रही है। सरफराज अहमद पाकिस्तान के सफल कप्तानों में आते हैं। उन्हीं की कप्तानी में पाकिस्तान ने 2017 में भारत को चौंपियंस ट्रॉफी में हराया था।

हालांकि, मोहम्मद रिजवान पाकिस्तान के बेहतरीन खिलाड़ी माने जाते हैं। लेकिन टेस्ट मुकाबले में उनका प्रदर्शन ठीक नहीं रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ हाल में ही तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में मोहम्मद रिजवान का बल्ला काफी खामोश रहा। वहीं, सरफराज अहमद को 4 साल बाद टेस्ट खेलने का मौका मिल रहा है सरफराज अहमद 35 साल के हैं। 49 टेस्ट मुकाबलों में उनका औसत 36 कर रहा है। इसमें 3 शतक और 18 अर्धशतक भी शामिल है। वह शानदार विकेटकीपर भी हैं। इसके अलावा उनके पास अनुभव भी है।

# भारत और चीन ने प्रचंड को नेपाल का प्रधानमंत्री नियुक्त होने पर बधाई दी

काठमांडू। भारत और चीन ने सोमवार को नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड को बधाई दी। प्रचंड (68) ने



आश्चर्यजनक रूप से देउबा की पार्टी नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले पांच दलों के सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग होकर रविवार को राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित समय सीमा समाप्त होने से पहले सरकार गठन का दावा पेश किया था, जिसके बाद राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने उन्हें प्रधानमंत्री नियुक्त किया। प्रचंड सोमवार को तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। 'माय रिपब्लिका' वेबसाइट की खबर के अनुसार माओइस्ट सेंटर के सचिव गणेश शाह ने कहा कि निवर्तमान प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने सोमवार सुबह पार्टी कार्यालय में हुई बैठक के दौरान फोन पर प्रचंड को बधाई दी। खबर में बताया गया है कि शाह ने कहा कि नेपाली कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी प्रचंड को बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को प्रचंड को बधाई दी। मोदी ने ट्वीट किया,"नेपाल का प्रधानमंत्री नियुक्त होने पर पुष्प कमल दहल प्रचंड को हार्दिक बधाई। भारत और नेपाल के बीच अद्वितीय संबंध लोगों के बीच गहरे सांस्कृतिक जुड़ाव और गर्मजोशी पर आधारित हैं। मैं इस दोस्ती को और मजबूत बनाने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने की आशा करता हूं।" चीन ने भी प्रचंड को नेपाल का 44वां प्रधानमंत्री नियुक्त किए जाने पर बधाई दी है। काठमांडू स्थित चीन दूतावास के प्रवक्ता ने रविवार शाम प्रचंड की प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्ति के तुरंत बाद ट्वीट किया, "नेपाल के 44वें प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्ति के लिए प्रचंड (पुष्प कमल दहल) को हार्दिक बधाई।

# Japan में भारी बर्फबारी के कारण 17 लोगों की मौत, 93 अन्य लोग घायल

तोक्यो। जापान में भारी बर्फबारी के कारण 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 90 से अधिक लोग घायल हो गए। कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति ठप पड़ गई है। आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। दमकल एवं



आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, जापान में पिछले सप्ताह से उत्तरी क्षेत्रों में भारी बर्फबारी हो रही है, राजमार्गों पर सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं, जिससे सामान आपूर्ति में देरी हो रही है। एजेंसी के अनुसार, शनिवार तक अलग–अलग घटनाओं में 11 लोगों की मौत हो गई है। क्रिसमस सप्ताहांत में अधिक बर्फबारी से सोमवार सुबह तक मृतक संख्या बढ़कर 17 हो गई और घायलों की संख्या 93 है। इनमें से कई लोग छतों पर से बर्फ हटाते समय गिर गए या छतों से गिरने वाले बर्फ के बड़े बड़े ढेलों के नीचे दब गए। बर्फबारी प्रभावित क्षेत्रों में नगरपालिका कार्यालयों ने लोगों से बर्फ हटाने के दौरान सावधानी बरतने और अकेले काम न करने का आग्रह किया है। नीगाता चावल की बुआई के लिए पहचाना जाता है। वहां जापानी चावल का केक 'मोची' बनाने वाले कुछ लोगों ने बताया कि नववर्ष के दौरान इसकी बिक्री अधिक होती है, लेकिन अब उसकी आपूर्ति में परेशानी आ रही है।

# अमेरिका में बम चक्रवात का कहर जारी, मरने वालों की संख्या 34 हुई, लाखों लोग अब भी बिना बिजली के गुजार रहे जिंदगी

बम चक्रवात ने क्रिसमस पर भी अपनी अराजकता को जारी रखा। संयुक्त राज्य अमेरिका में चक्रवात आने से काफी उथल–पुथल मची हुई है। मौसम से संबंधित घटनाओं के कारण मरने वालों की संख्या 34 हो गई और लाखों लोग बिना बिजली के अपना गुजारा–बसर कर रहे हैं। अमेरिका में बम चक्रवात का कहरः एनबीसी न्यूज टैली के अनुसार, संयुक्त राज्य भर में मौसम संबंधी घटनाओं में कम से कम 34 लोगों की जान चली गई है, क्योंकि खतरनाक तूफान ने देश के अधिकांश हिस्सों को बर्फ और तेज हवाओं से जकड़ लिया था। बम चक्रवात के रूप में जाने जाने वाले इस तूफान से और लोगों के मारे जाने की उम्मीद है क्योंकि इसने कुछ निवासियों को घरों के अंदर बर्फ के बहाव के साथ फंसा



दिया है और लाखों घरों और व्यवसायों में बिजली भी नहीम पहुंच पा रही है। तूफान के कारण क्रिसमस पर भी रहा ब्लैकआउट : रॉयटर्स के अनुसार वर्तमान में एक लाख से अधिक लोग ब्लैकआउट और बिजली आउटेज का सामना कर रहे हैं। रॉयटर्स ने बताया कि बफेलो में, 16ः निवासियों के पास क्रिसमस पर बिजली नहीं थी। कनाडा में, कम से कम 1,40,000 यूटिलिटी ग्राहकों के लिए भी बिजली नहीं थी। ज्यादातर ओंटारियो और क्यूबेक के प्रांतों में तूफान का असर देखने को मिला और बिजली गायाब रही। बम चक्रवात ने पश्चिमी न्यूयॉर्क को बर्फ में दबा दिया। आवाजाही बाधितः चक्रवात को दशकों में सबसे भयंकर तूफान माना जाता है। इसने लाखों अमेरिकियों के लिए यात्रा योजनाओं को बाधित कर दिया है, जिससे यात्रियों को वर्ष के सबसे व्यस्त समय में देरी और रद्दीकरण का सामना करना पड़ रहा है। फ्लाइट ट्रैकिंग साइट फ्लाइटअवेयर के अनुसार, क्रिसमस से ठीक दो दिन पहले गुरुवार को करीब 2,700 उड़ानें रद्द करने के बाद करीब 6,000 उड़ानें रद्द कर दी गईं।

तापमान सामान्य से नीचे पहुंचाः द एसोसिएटेड प्रेस ने बताया कि तूफान का दायरा लगभग अभूतपूर्व रहा है, जो कनाडा के पास ग्रेट लेक्स से लेकर मैक्सिको की सीमा के साथ रियो ग्रांडे तक फैला हुआ है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा कि संयुक्त राज्य के लगभग 60ः नागरिकों को सर्दियों के मौसम की सलाह या चेतावनी का सामना करना पड़ा, और रॉकी पर्वत के पूर्व से एपलाचियन तक तापमान सामान्य से काफी नीचे गिर गया।

# संदीप गुप्ता बने बेड़िया हनुमान मंदिर खड़िया बाबा आश्रम के अध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बीजपुर के प्रख्यात श्बेड़िया हनुमान मंदिर (खड़िया बाबा आश्रम) के महंथ मदन गोपालदास की उपस्थिति में कार्यकारिणी का गठन किया गया। बीजपुर के प्रख्यात समाजसेवी बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप गुप्ता को बेड़िया हनुमान मंदिर कार्यकारिणी का अध्यक्ष चुना गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समर्पित स्वयंसेवक बिका रावत को कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। बिका रावत ईमानदारी और समाज के प्रति समर्पित नागरिक के रूप में जाने जाते हैं।

वहीं संदीप गुप्ता के अध्यक्ष बनने पर पूरे बीजपुर में उमंग और उत्साह की माहौल है। नौजवानों के हृदय में बसने वाले संदीप गुप्ता से समाज को बहुत उम्मीद है। लोगों का मानना है



कि विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समर्पित स्वयंसेवकों के निर्देशन में बेड़िया हनुमान मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिससे सनातन धर्म को क्षेत्र में और मजबूती मिलेगी। बेड़िया हनुमान मंदिर इस क्षेत्र का सबसे प्रख्यात मंदिर है। इस मंदिर के प्रति भक्तजनों में अगाध श्रद्धा–भाव है। यहां आने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं महावीर बजरंगबली पूरी करते हैं। इस मंदिर के निर्माण का श्रेय 1008 साकेत वासी परम पूज्य कमल दासजी महाराज (खड़िया बाबा) एवं 1008 परम पूज्य साकेत वासी सत्यदेव महाराज (स्वामीजी) को जाता है। दस फरवरी 1989 में बड़े हीं विधि–विधान के साथ भव्य कार्यक्रम के द्वारा बेड़िया हनुमान मंदिर की स्थापना की गई थी। खड़िया बाबा के संरक्षण में यह मंदिर भक्तों के लिए भक्तिभाव का केंद्र बन गया। वर्तमान कार्यकारिणी में महंथ मदन गोपाल दास जी को संरक्षक का दायित्व दिया गया हैय वहीं अनिल त्रिपाठी, रामकुमार मिश्रा, इंद्रेश सिंह, आशीष पुरवार और रवि गुप्ता को सह संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। समिति मे सुनील तिवारी सह कोषाध्यक्ष, संजय यादव, संदीप गर्ग को उपाध्यक्ष, योगेंद्र चौबे महामंत्री, कमलेश गुप्ता सचिव, संदीप उपाध्याय को सह सचिव की जिम्मेदारी दी गयी। वही गणेश देव पांडेय, उपेंद्र प्रताप सिंह, रामजियावन गुप्ता, विजय सिंह पटेल, चंदन गुप्ता, संतोष सोनी, विपिन चौबे, कन्हैया वर्मा, राजेश सिंह, संतोष गुप्ता, रामेश्वर जायसवाल, गोपाल प्रसाद गुप्ता, विंध्याचल पनिका, कार्यकारणी सदस्य के रूप रखा गया है। इस अवसर पर सैकड़ों की तादाद में भक्तजन उपस्थित रहे।

# तहसील अधिवक्ता समिति घोरावल के पदाधिकारियों की हुई घोषणा

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल,सोनभद्र। तहसील अधिवक्ता समिति घोरावल के नए



पदाधिकारियों के निर्वाचन परिणामों की घोषणा सोमवार को की गई। अध्यक्ष पद पर रामकिंकर पाठक व महासचिव पद के लिए प्रकाश सिंह निर्विरोध ा चुने गए। वरिष्ठ अधिवक्ता राजबहादुर सिंह ने सभी नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर कार्यभार ग्रहण कराया। प्रभारी निर्वाचन अधिकारी आदिनाथ मिश्रा ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए बताया कि अध्यक्ष पद पर रामकिंकर पाठक, महासचिव पद पर प्रकाश सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष प्रथम पद पर इंद्रदेव सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष द्वितीय पद पर आनंद कुमार सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। वहीं वरिष्ठ उपाध यक्ष पद पर रामनयन मिश्रा, कोषाध्यक्ष पद पर रामराज यादव व कार्यकारिणी सदस्यों के पद पर इनामुलहक अंसारी, संतोष कुमार पाठक, गोविंद नारायण झा, प्रकाश वर्मा, जय सिंह व रामकुमार पाठक को मनोनीत किया गया है। जबकि तीन संयुक्त सचिवों के पद व अन्य पदों के लिए नई कमेटी द्वारा बाद में मनोनयन किया जाएगा। प्रभारी निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पूर्व में नामांकन पत्र भरे गए थे, नामांकन पर्चो की जाँच हुई, जांच में सभी के पर्चे वैध पाए गए। इस प्रकार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज नई कमेटी की घोषणा किया गया। इस अवसर पर एसडीएम श्याम प्रताप सिंह, तहसीलदार ज्ञानेंद्र कुमार यादव, सीओ संजीव कटियार, प्रमोद कुमार पाठक, प्रफुल्ल शुक्ला, रामअनुजधर द्विवेदी, सच्चिदानंद चौबे रामनरेश विश्वकर्मा, रमेश राम पाठक, उमेश मिश्रा, हरिप्रकाश वर्मा,राजेंद्र पाठक,अरुण तिवारी, राजनारायण श्रीवास्तव इत्यादि मौजूद रहे।

# क्षेत्राधिकारी पिपरी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कस्बा रेनुकूट में की गयी बैकों की चेकिंग



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जनपद में स्थित बैंकों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में समस्त राजपत्रित अधिकारी व थानाध्चौकी प्रभारियों द्वारा बैंकों व उसके आस–पास सघन चेकिंग की जा रही है । थाना व चौकी प्रभारियों सहित चेकिंग हेतु गठित पुलिस टीमों द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी बैंकध्पोस्ट ऑफिसध्ग्राहक सेवा केंद्र व व्यवसायिक प्रतिष्ठानोंध सर्राफा बाजार व उसके आसपास संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत बैंक प्रबंध ाकों से वार्ता की गयी तथा आपातकालीन सुरक्षा उपकरणों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रुप में घूमने वाले व्यक्तियों को आवश्यक हिदायत दी गयी। इस दौरान बैंक सुरक्षा ड्यूटी में लगे सुरक्षाकर्मियों एवं पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

- **बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों व अलार्म की भी परखी गई व्यवस्था**
- **आमजन को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति कराया गया आश्वस्त**

# दो दिवसीय वालीबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल,सोनभद्र। स्थानीय



तहसील क्षेत्र के अहरौरा गांव में चल रहे दो दिवसीय वालीबॉल प्रतियोगिता फाइनल मैच रविवार देर रात खेला गया, जिसमें गाजीपुर ने सोनभद्र को कड़े मुकाबले में हराया और बजरंग कप 2022 अपने नाम किया। लीग मैच एवं क्वार्टर फाइनल के बाद हुए प्रतियोगिता पहले सेमीफाइनल मुकाबले में गाजीपुर ने 25–22, 25–17 से वाराणसी को पराजित किया और दूसरे सेमीफाइनल मैच में सोनभद्र की टीम ने मिर्जापुर की टीम को 25–22 ,25–23 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।रविवार रात हुए फाइनल मुकाबले गाजीपुर की टीम ने सोनभद्र को 25–18, 25–13 से हराकर बजरंग कप 2022 पर कब्जा जमाया। वहीं क्षेत्रीय स्तर की टीमों में पहला सेमीफाइनल गुरेठ और अहरौरा के बीच जिसमें गुरेठ ने मैच जीता। दूसरा सेमीफाइनल कोहरथा और दुबखिली के बीच जिसमें कोहरथा की टीम ने दुबखिली को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच गुरेठ ने कोहरथा को 2 सेटों से हराकर क्षेत्रीय टीमों की चौंपियन बनी। मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता सुनील पांडेय एवं विशिष्ट अतिथि डॉ एचपी सिंह ने विजेता टीम गाजीपुर को 8100 रुपये व ट्राफी और उपविजेता सोनभद्र को 6500 रुपये व ट्राफी दिया।क्षेत्रीय चौंपियन गुरेठ को भी नगदी व ट्राफी दिया गया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका नीलेश तिवारी, राम अवतार सिंह, शुभम पांडेय, नंदकिशोर भारती ने निभाई। स्कोरर की भूमिका संतोष पांडेय, जितेंद्र ने निभाई। संचालन रामानंद पांडेय ने किया। कार्यक्रम में गणेश देव पांडेय, विवेकानंद पांडेय, सुरेंद्र देव पाण्डेय, अरविंद भारती, ग्राम प्रधान धनावल संतोष सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान बृजेश प्रसाद, हिरामन, श्रीपति, दीपक शर्मा, हनुमान, विवेकानंद पांडेय इत्यादि मौजूद रहे।

# निपुण भारत अभियान के तहत नुक्कट नाटक आयोजित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विकास खण्ड चोपन के थाना चोपन अंतर्गत निपुण



भारत अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक कांशीराम आवास स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित किया गया जिसमे राज्य सन्दर्भ समूह के सदस्य विद्यासागर, समाज सेविका सावित्री देवी प्रधानाध यापिका पूनम तिवारी, अजहरी बेगम, राकेश पांडे, प्रधानाध्यापिका रीना शर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। वही करगरा ग्राम में संकुल शिक्षक गुरुप्रसाद, प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार, शैलेश, श्याम बिहारी, शिक्षक संकुल सुनील कुमार वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में बच्चे और वरिष्ठ नागरिक नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में उपस्थित होकर संकल्प लिया कि प्रतिदिन बच्चो को विद्यालय भेजेंगे और विद्यालय क्रियाकलापों में सक्रिय सहभागिता निभाएंगे। सरकार के माध्यम से बच्चों को दी जाने वाली सुविधाएं, पढ़ाई के महत्व, दिव्यांग शिक्षा, प्रदान किए जाने वाले उपकरण, बालिका शिक्षा, निपुण भारत लक्ष्य इत्यादि के बारे में लोगों को जागरूक किया गया और जानकारी प्रदान की गई।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक
श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण हो सुनिश्चित:मण्डलायुक्त

## -म्योरपुर के रनटोला में जन चौपाल लगाकर मण्डलायुक्तने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

सोनभद्र(आरएनएस )। मण्डलायुक्त मीरजापुर डॉ0 मुथु कुमार स्वामी ने जनपद भ्रमण के दौरान म्योरपुर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत रनटोला के पंचायत भवन परिसर में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना,इस दौरान मण्डलायुक्त महोदय ने उपस्थित अधि ाकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आज के जन चौपाल में जो भी शिकायतें ग्रामीणों द्वारा प्राप्त हुई है, इन शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय में गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सम्पन्न किया जाये। उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों से प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास योजना, निराश्रित विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मनरेगा, राशन वितरण, स्कूलों के बच्चों के खाते में ड्रेस की धनराशि हस्तांतरित किये जाने सहित राशन वितरण आदि सुविधाओं के सम्बन्ध में ग्रामीणों से बिन्दुवार चर्चा की, राशन वितरण के सम्बन्ध में ग्राम के कुछ लोगों द्वारा राशन की तौल में घटतौली की शिकायत की गयी, उक्त शिकायत को संज्ञान में लेकर मण्डलायुक्त महोदय ने जिलापूर्ति अधिकारी को निर्देशित किये कि उक्त प्रकरण की जॉच कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इसी प्रकार से स्कूल के छात्र–छात्राओं के अभिभावक के खाते में ड्रेस आदि की धनराशि हस्तांतरित किये जाने के सम्बन्ध ा में जानकारी ली, तो यह तथ्य संज्ञान में आया कि 148 छात्र–छात्राओं के सापेक्ष 140 छात्र–छात्राओं के खाते में ड्रेस की धनराशि हस्तांतरित कर दी गयी है, शेष के आधार सत्यापन होने पर धनराशि हस्तांतरित कर दी जायेगी, विद्यालय द्वारा ध ानराशि हस्तांतारित कार्य की बेहतर प्रगति पर मण्डलायुक्त ने सराहना भी की, वनाधिकार अधि ानियम के तहत पट्टा वितरण के कार्यों की भी प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली और उपस्थित वनाधि ाकार अधिनियम से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वनाधिकार अधि ानियम से सम्बन्धित जो भी पत्रावलियां हैं, उसका समय से निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इस मौके पर मुख्य विकास अधि ाकारी सौरभ गंगवार, उप जिलाधि ाकारी (वि0ध्रा0) सहदेव कुमार मिश्र, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, परियोजना निदेशक आर0एस0 मौर्या, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# गढ़वा ने एक विकेट से ओबरा को हराकर किया अगले चक्र में प्रवेश

दुद्धी,सोनभद्र । स्थानीय टाउन क्लब के क्रीड़ांगन पर खेले जा रहे 36वें अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में गढ़वा झारखंड की टीम ने जनपद के ओबरा उत्तर प्रदेश की टीम को 1 विकेट से हराकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। मैच की जानकारी देते हुए सचिव जबीं खान ने बताया की मैच का टॉस ओबरा ने जीता व पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 142 रनों का स्कोर खड़ा किया। ओबरा के बल्लेबाजों में सूर्यप्रकाश ने दो छक्का व दो चौकों की मदद से सर्वाधिक 28 रन बनाये। इसके अलावा सुमित सिंह ने 1 छक्के व दो चौका की मदद से 18 रन, अंकुश ने भी एक छक्का व दो चौका की मदद से 18 रन बनाए।

गेंदबाजी करते हुए गढ़वा के गेंदबाजों में अमन व ध्रुव को दो–दो विकेट तथा अंकित को 1 विकेट हासिल हुआ।

बाद में बल्लेबाजी करते हुए गढ़वा की टीम 19.3 ओवर में अपने 9 विकेट खोकर निध ारित लक्ष्य को पूरा कर लिया। जिसमें नवीन सिंह 3 छक्का 8 चौकों की मदद से सर्वाधिक 67 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इसके अलावा हर्ष ने 4 चौकों की मदद से 19 रन, अमन ने तीन चौकों की मदद से 15 रन बनाए। ओबरा के गेंदबाजों में सुमित सिंह व दिलीप को तीन–तीन विकेट मिले जबकि अभय ने एक विकेट हासिल किया। मैच में अर्धशतकीय पारी खेलने वाले गढ़वा के नवीन सिंह को मैन ऑफ द मैच घोषित करके डॉ प्रवीण कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। मैच के अंपायर सुनील कुमार व इकबाल रहे। प्रतियोगिता का दूसरा मैच मंगलवार को अनपरा व शाहगंज के बीच खेला जाएगा।

# गाजर के हलवे की जगह इस बार ट्राई करें गाजर के परांठे, आसान है रेसिपी



सर्दियों का मौसम चल रहा है और इस सीजन में हर घर में गाजर का खूब इस्तेमाल किया जाता है। अभी तक आपके घर में गाजर का इस्तेमाल जूस, सलाद और हलवा बनाने के लिए ही हुआ होगा, लेकिन क्या कभी आपने गाजर के परांठे बनाए हैं? आइए आज हम आपको गाजर के परांठे की रेसिपी के बारे में बताते हैं, ताकि आप इस सीजन इसे ट्राई कर सकें।

गाजर के परांठे बनाने के लिए इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

गाजर एक ऐसी मौसमी सब्जी है, जिसका सेवन कई रूपों में किया जा सकता है। इसका सेवन आपके स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है। चलिए आपको बताते हैं कि गाजर के परांठे बनाने के लिए क्या–क्या सामग्री चाहिए होंगीरू 1) चार कप आटा 2) दो गाजर 3) स्वादानुसार नमक 4) तलने के लिए घी 5) दो चम्मच धनिया पत्ता 6) दो बारीक कटी हुई हरी मिर्च 7) एक बारीक कटा हुआ प्याज 8) एक चम्मच तेल

गाजर के परांठे बनाने का तरीका

गाजर का परांठा एक यूनिक रेसिपी है, जिसे बनाना बहुत आसान है। इसके लिए सबसे पहले सभी गाजरों को अच्छे से धो लें और फिर उन्हें कद्दूकस कर लें। इसके बाद एक पैन में तेल गरम करें और फिर इसमें कद्दूकस किया हुआ गाजर, बारीक कटी प्याज, नमक, बारीक कटी हरी मिर्च और कटा हुआ धनिया पत्ता डालकर लगभग पांच से सात मिनट तक अच्छे से पका लें।

ऐसे करें आटा तैयार

परांठे के लिए अब हमें आटा तैयार करना है। इसके लिए एक बाउल में आटा लें और जरूरत के हिसाब से थोड़ा–थोड़ा पानी डालते हुए इसे अच्छे से गूंथ लें। अच्छे परांठे बनाने के लिए आटे को थोड़ा सख्त ही गूंथे। इसके बाद आटे की लोई बनाकर इसमें पहले से तैयार गाजर के मिश्रण को भरकर हल्के हाथों से गोल परांठा बेल लें। अब तवे पर घी गरम करें और फिर परांठे को डालकर अच्छे से फ्राई कर लें।

गाजर खाने से मिलेंगे ये फायदे

शरीर को तरोताजा रखने के लिए गाजर का सेवन काफी फायदेमंद है। यह कई पोषक तत्वों से समृद्ध होती है और सर्दियों में शरीर को स्वस्थ रखने और बीमारियों से बचाव करने में सहायक है। गाजर को चाहें किसी भी रूप में खाएं, इसमें मौजूद अनगिनत गुण रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुधारता है और हृदय की बीमारियों से बचाता है। इसके अलावा यह पाचन क्रिया के लिए भी फायदेमंद है और कैंसर के जोखिम को कम करने में कारगर है।

## फ्रिल लॉन्ग गाउन में एली अवराम ने दिखाया हुस्न का जलवा

स्वीडिश ग्रीक एक्ट्रेस एली अवराम भले ही बॉलीवुड की कम फिल्मों में नजर आई हों, लेकिन उनकी बोल्डनेस और हॉटनेस के सोशल मीडिया पर लाखों दीवाने हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर होते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं। वहीं, उनकी लेटेस्ट आउटफिट में तस्वीरें सोशल मीडिया पर ध् ामाल मचा रही हैं, एली अवराम ने लॉन्ग गाउन में अपने हुस्न और खूबसूरती का वो जलवा बिखेरा, जिसे देखकर फैंस भी हैरान हो गए। एक्ट्रेस एली अवराम ने सोशल मीडिया पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं , जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। पिंक कलर के फ्रिल लॉन्ग गाउन में एक्ट्रेस एली अवराम बेहद ही क्यूट और ग्लैमरस लग रही हैं। ऑफ शोल्डर इस आउटफिट के साथ एक्ट्रेस एली अवराम ने हाई हील्स पहन रखी हैं, जिसमें वो कमाल लग रही हैं। एक्ट्रेस एली अवराम अपनी ग्लैमरस अदाओं से सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। एक्ट्रेस का ये कातिलाना अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा हैं। साथ ही फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। एली अवराम मनीष पॉल के साथ फिल्म मिक्की वायरस और कॉमेडियन कपिल शर्मा के साथ किस किस को प्यार करूं में नजर आई हैं। इसके साथ ही एक्ट्रेस टाइगर श्रॉफ और कृति सेनन के साथ गणपत में अहम रोल में नजर आएंगी। एक्ट्रेस एली अवराम के इंस्टाग्राम पर 6.2 मिलियन फॉलोवर्स हैं।



## कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति ने शेयर किया मेरी क्रिसमस का पहला पोस्टर




इस साल की शुरुआत से ही कैटरीना कैफ की फिल्म मेरी क्रिसमस चर्चा में है। पहले यह फिल्म क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में रणवीर सिंह की सर्कस से इसका टकराव बचाने के लिए रिलीज टाल दी गई। तब से ही प्रशंसक फिल्म के नए अपडेट का इंतजार कर रहे थे। फिल्म में कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। शनिवार को फिल्म का पोस्टर जारी कर दिया गया है।

कैटरीना कैफ और विजय ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर में काले बैकग्राउंड के साथ दो चटके हुए वाइन ग्लास नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही सूचना दी गई है कि श्रीराम राघवन की यह फिल्म 2023 में सिनेमाघरों में हिंदी और तमिल में रिलीज होगी। यह पोस्टर शेयर करते हुए कैटरीना ने लिखा, हम इस फिल्म को क्रिसमस पर रिलीज करना चाहते थे, लेकिन अब एक ट्विस्ट है।

श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म को रमेश तौरानी और संजय राउतरे प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है। रिपोर्ट्स के अनुसार इसकी कहानी क्रिसमस की पूर्व संध्या पर हुई एक अनचाही घटना पर आधारित है. जिससे विजय और कैटरीना के किरदार की जिंदगी पूरी तरह हिल जाती है। फिल्म में कैटरीना और विजय दोनों ही नकारात्मक किरदार में नजर आएंगे। पर्दे पर दोनों की केमिस्ट्री देखना दर्शकों के लिए दिलचस्प होगा। पिछले साल विक्की कौशल से शादी के बाद यह कैटरीना के पहला प्रोजेक्ट है। कैटरीना फिल्म के सेट से अकसर इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करती थीं। शादी के बाद फिल्म की घोषणा करते हुए उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा था कि वह सेट पर वापस आ गई हैं और मेरी क्रिसमस के लिए श्रीराम राघवन के साथ काम कर रही हैं। अपनी पोस्ट में उन्होंने यह भी लिखा था कि वह हमेशा से श्रीराम के साथ काम करना चाहती थीं। श्रीराम राघवन बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक हैं जो खासतौर से क्राइम थ्रिलर फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। वह अंधाधुन, बदलापुर और एजेंट विनोद जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। फिलहाल मेरी क्रिसमस की नई रिलीज डेट की घोषणा नहीं हुई है। यह फिल्म रोहित शेट्टी की सर्कस के साथ रिलीज होने वाली थी। सर्कस के साथ ही टाइगर श्रॉफ की फिल्म गणपत भी रिलीज होने वाली थी। इस फिल्म की रिलीज को भी आगे बढ़ा दिया गया है। शुक्रवार को रिलीज हुई सर्कस की पहले दिन की कमाई काफी फीकी रही है और यह फिल्म न ही क्रिटिक्स का दिल जीत पाई है।

## यो यो हनी सिंह ने मौनी रॉय के साथ पार्टी ट्रैक सॉन्ग गतिविधि किया रिलीज

रैपर यो यो हनी सिंह काफी दिनों से खबरों में बने हुए हैं। सबसे पहले वह ज्यादा वजन बढने को लेकर सुर्खियां में थे और अब अपने नए गाने गतिविधि को लेकर चर्चा में बने हुए है, इसमें




एक्ट्रेस मौनी रॉय भी हैं। यह गाना एक पार्टी सॉन्ग है और साल के इस समय के लिए सबसे उपयुक्त है। गाने के बारे में बात करते हुए हनी सिंह ने कहारू जैसा कि नाम से पता चलता है, गतिविध ि एक हिप पार्टी सॉन्ग होने वाला है और वीडियो में मौनी रॉय के कातिल अदाओं ने गाने को अगले स्तर तक पहुंचा दिया है। वीडियो किलर है और मैं लोगों द्वारा गतिविधि देखने और सुनने का इंतजार नहीं कर सकता। गाने में म्यूजिक कहीं न कहीं हनी सिंह के एक और गाने मनाली ट्रान्स की याद दिलाता है। गाने के विजुअल्स में हनी और मौनी अंडरग्राउंड सेट–अप में गाने की बीट्स पर थिरकते हुए दिखाई दे रहे हैं। मौनी रॉय ने कहा, यह साल के इस समय के लिए एकदम सही गाना है। साल के अंत में एक धमाकेदार सॉन्ग के साथ जश्न मनाने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है। यह गाना यो! यो! और नमोह स्टूडियोज के साथ पूरा हो पाया है। गतिविधि सभी प्रमुख म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है।

## बच्चों के मुंह से आती है बदबू, इन तरीकों से करें दूर



कई बार ओरल केयर का बेस्ट रूटीन फॉलो करने के बावजूद बच्चों के मुंह से स्मैल आना शुरू हो जाती है। वहीं कई महंगे ओरल केयर प्रोडक्ट यूज करने के बाद भी बच्चों के मुंह की बदबू कम होने का नाम नहीं लेती है। ऐसे में बच्चों के मुंह से स्मैल आने की वजह का पता लगाकर आप इस समस्या को चुटकियों में दूर कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं बच्चों के मुंह से बदबू दूर करने के तरीकों के बारे में।

दांतों को अच्छे से साफ करें– कई बार छोटे बच्चे खुद ब्रश करने की जिद करते हैं। वहीं अपने आप ब्रश करते समय बच्चे दांतों में फंसे खाने को पूरी तरह से रिमूव नहीं कर पाते हैं। जिससे बच्चों के मुंह में बैक्टीरिया होने लगते हैं और उनके मुंह से स्मैल आनी शुरू हो जाती है। इसलिए बच्चों को दिन में दो बार अच्छी तरह से ब्रश कराना जरूरी होता है।

जीभ को साफ करें– कुछ बच्चे ब्रश करने के बाद जीभ साफ करने से परहेज करते हैं। ऐसे में जीभ पर लगे जर्म्स और बैक्टीरिया बदबू का कारण बन जाते हैं। इसलिए ब्रश करने के बाद बच्चों को टंग क्लीनर का इस्तेमाल करने की सलाह दें।

मुंह में इंफेक्शन– कई बार बच्चों के मसूड़ों में इंफेक्शन हो जाता है। जिससे बच्चों का मुंह स्मैल करने लगता है। ऐसे में बच्चों के मसूड़ों में इंफेक्शन होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। साथ ही नियमित रूप से बच्चों के मुंह की सफाई करते रहें। इससे उनका इंफेक्शन जल्दी ठीक हो जाएगा।

पानी पीने की सलाह दें– कई बार कम पानी से भी बच्चों का मुंह सूख जाता है। जिससे उनके मुंह से स्मैल आनी शुरू हो जाती है। ऐसे में बच्चों को हाइड्रेटेड रखने के लिए भरपूर पानी पीने की सलाह दें। साथ ही बच्चों को अंगूठा चूसने या उंगली मुंह में डालने से रोकें।

नाक से सांस लें– कुछ बच्चों को अक्सर नाक की बजाए मुंह से सांस लेने की आदत पड़ जाती है। मगर मुंह से सांस लेने पर बच्चों के मुंह में सलाइवा नहीं बनती है और बच्चों का मुंह बदबू करने लगता है। इसलिए बच्चों को हमेशा नाक से सांस लेने की सलाह दें।

